

प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## सभी जिलों से प्राप्त खबरें

–:: समाचार कतरन – 06 जुलाई, 2025 ::–



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - फ़लोदी

—:: समाचार कतरन – 06 जुलाई, 2025 ::—

दैनिक नवज्योति जोधपुर -फलोदी जोधपुर, रविवार 6 जुलाई, 2025 6 dainiknavajyoti.com

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल शिविर: दिव्यांग महिला के लिए लाया राहत का टोकरा

नवज्योति/सोयला।

ग्राम पंचायत मैलाना में शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अभियान के तहत एक दिवसीय फॉलो अप शिविर में उपस्थित दिव्यांग महिला जिनकी अपनी समस्या थी कि उनके दो बच्चों के नाम राशन कार्ड में गलत दर्ज हो रखे थे। जिसके कारण 2-3 सालों से उसके बच्चों के गेहूं नहीं मिल रहे थे। जिसको लेकर शिविर प्रभारी रामलाल सोमराड के द्वारा उसको अपने पास बैठाकर उसकी सारी घर परिवार की स्थिति जांची जिससे पता चला कि इस दिव्यांग महिला का पुत्र सुरेन्द्र स्थानीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 9 में अध्ययनरत है तथा पुत्री उर्मिला जो कि अपने ननिहाल में कक्षा 8वीं पास कर स्कूल ड्रापआउट हो चुकी थी। शिविर प्रभारी सोमराड द्वारा उसके राशनकार्ड में नाम संशेधन हेतु प्रपत्र व हाथो हाथ ई मित्र से आनलाइन कर संशोधित कर राहत पहुंचाई। जिसे उनके दोनों बच्चो का गेहूं पुनः चालु हो जायेगा और स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य से सम्पर्क कर उसकी माता दिव्यांग होने के बच्चों का पालनहार योजना आवेदन भी हाथो हाथ कराया एवं बच्ची जो स्कूल से ड्रापआउट हो चुकी थी। जिसकी भी टीसी अन्यत्र जिलें में स्कूल होने के कारण हाथो हाथ नहीं हो सकी जो समाधान के लिए संज्ञान लेकर जिसके लिए विद्यालय के प्रधानाचार्या को सोमवार को टीसी मंगवाकर पुनः बच्ची को स्कूल में दाखिला करवाकर 1000 रुपए की अतिरिक्त सहायता के लिए आवेदन करने के लिए निर्देश प्रदान किए। जिससे उस दिव्यांग महिला की खुशी की सीमा नहीं रही और प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का बार-बार आभार जताया और कहा कि मुख्यमंत्री ऐसे कैम्प बार-बार रखें। जिससे मेरे जैसे निशक्त एवं असक्षम लोगों का काम समय पर मौके पर ही हाथो हाथ हो सके। जो वर्षों से मेरा पति घूम रहा था। शिविर कैम्प में उपस्थित सरपंच पिंकी हंसराज राव, उपसरपंच पदमसिंह राठौड़ एवं उपस्थित ग्रामीणवासियों ने मुख्यमंत्री का इस प्रकार कैम्पों के माध्यम से लोगों के कई समस्या एक साथ हल करवाने के लिए आभार जताया। शिविर प्रभारी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



दैनिक भास्कर

जोधपुर/फलोदी भास्कर 06-07-2025

# एकां भाटियान व खेड़ापा में अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर : जनहित के किए गए कार्य





भास्कर न्यूज़ | फलोदी

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आज ग्राम पंचायत एका भाटियान में शिविर का आयोजन प्रशासक श्रीमती फूली देवी माणक लाल मेघवाल, शिविर प्रभारी अजीत पाल सिंह यादव तहसीलदार की अध्यक्षता में किया गया।

शिविर में पर्यावरण, नशामुक्ति, स्वच्छता संबंधी जानकारी प्रदान की गई एवं उपस्थित जन समूह को शपथ दिलाई गई। एक पेड़ मां के नाम अभियान का आगाज पंचायत परिसर में पौधरोपण कर किया गया। सहायक विकास अधिकारी प्रेम रतन दवे ने बताया कि हरियालो राजस्थान के तहत ग्राम पंचायत में 1800 छाया दार पौधों का रोपण किया जाएगा, जिसकी तैयारी के रूप खड्डे खुदवाए गए हैं। शिविर में पंचायतीराज विभाग द्वारा बीपीएल सेंशस 2002 में चयनित परिवारों का सर्वे कर बैंक खातों का सत्यापन, जन्म, मृत्यु, विवाह पंजीकरण आदि कार्य किए गए। शिविर में पीएचइडी एक्सईएन ओपी वर्मा, एईएन रवि कुमार, हनुमान राम सहायक अभियंता, दिनेश चौधरी, रेखा टाक, गोपाल देवड़ा, डॉ. राहुल रंगा, गजेंद्र पालीवाल, ग्राम विकास अधिकारी प्रीतपाल कपूर, हनुमान राम, पटवारी रतन लाल पालीवाल मौजूद थे।

खेड़ापा| पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा अभियान के तहत फॉलोअप शिविर ग्राम पंचायत में आयोजित किया गया। ग्राम विकास अधिकारी अशोक बिश्नोई ने बताया कि शिविर में उपस्थित दिव्यांग महिला जो फरियाद लेकर आई थी कि उनके दो बच्चो के नाम राशन कार्ड में गलत दर्ज हो रखे थे, जिसके कारण दो-तीन सालों से उसके बच्चो के गेहूं नहीं मिल रहे थे। शिविर प्रभारी रामलाल सोमराड़ के ने उसके राशनकार्ड में नाम संशोधन के लिए प्रपत्र व हाथों हाथ ई मित्र से ऑनलाइन कर संशोधित कर राहत पहुंचाई। वहीं स्कूल के प्रधानाचार्य से संपर्क कर उसकी माता दिव्यांग होने के बच्चों का पालनहार योजना आवेदन भी हाथोंहाथ कराया| इस मौके सरपंच पिंकी हंसराज राव, उपसरपंच पदमसिंह राठौड़ आदि मौजूद थे।

पत्रिका

हरयाळो राजस्थान के तहत ग्राम पंचायत में होंगे 18 सौ पौधे रोपित

# एकां भाटियां में एक पेड़ मां के नाम का किया शुभारम्भ



फलोदी- पौधरोपण करते हुए। पत्रिका



**बिलाड़ा.** पौधारोपण करते हुए

पत्रिका हरयाळो राजस्थान

**हरियाली से खुशहाली**

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**फलोदी @पत्रिका.** निकटवर्ती ग्राम एकां भाटियां में शनिवार को पंडित दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर हुआ। जिसमें प्रशासक फूली देवी माणक लाल मेघवाल, शिविर प्रभारी व तहसीलदार अजीत पाल सिंह यादव मौजूद रहे। शिविर में पर्यावरण, नशामुक्ति, स्वच्छता संबंधी जानकारी दी जाकर उपस्थित जन समूह को शपथ दिलाई गई। शिविर के दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान का आगाज पौधारोपण कर किया गया। सहायक विकास अधिकारी प्रेम रतन दवे ने बताया कि हरियालो राजस्थान के तहत ग्राम पंचायत में 1800 छायादार पौधों का रोपण किया जाएगा। जिसकी तैयारी के लिए खड्डे खुदवाए गए हैं। शिविर में पंचायती राज विभाग ने बीपीएल सेंशस 2002 में चयनित परिवारों का सर्वे कर बैंक खातों का सत्यापन, जन्म, मृत्यु, विवाह पंजीकरण आदि कार्य किए गए। शिविर में रवि कुमार सहायक अभियंता, अधिशाषी अभियंता ओपी वर्मा, हनुमानराम सहायक अभियंता, दिनेश चैधरी, रेखा टॉक, गोपाल देवड़ा, डॉ राहुल रंगा, गजेन्द्र पालीवाल, ग्राम विकास अधिकारी प्रीतपाल कपूर, हनुमानराम, पटवारी रतनलाल पालीवाल, मुख्तयार खान, कृष्णराज शर्मा, ताहिर खान, लक्ष्मण आसदेव, हनुमान मेघवाल, करणसिंह भाटी, गुमानसिंह, चम्पालाल, भंवरलाल, बरकत, लक्ष्मणसिंह, सवाईसिंह, गुलाबचन्द, पर्यावरण सेवक शिक्षक ओम प्रकाश बिश्नोई आदि उपस्थित रहे।

## पौधे की रक्षा के लिए संकल्प लिया

बिलाड़ा @ पत्रिका बिलाड़ा के निकटवर्ती उचियाड़ा प्याऊ के पास हरियालो राजस्थान के तहत 51 पौधे लगाकर रक्षा का संकल्प लिया। पूर्व छात्र संघ के महासचिव मनीष प्रजापत के नेतृत्व में मंदिर व सड़क के किनारे 51 पौधे लगाए और पौधों की सार संभाल करने का निर्णय लिया। मनीष प्रजापत ने ग्रामीणों को कहा कि एक पेड़ जरूर लगाएं और बड़ा होने तक सार संभाल करें तभी हरियालो राजस्थान अभियान संभव होगा। उन्होंने कहा कि आज पेड़ पौधों की अंधा धुंध कटाई हो रही है और जंगल नष्ट हो रहे हैं इस कारण वातावरण प्रदूषित हो रहा है और कोरोना काल में आक्सीजन की कमी देखी और पेड़ पौधों का महत्व जाना। इस दौरान दीपक कुमावत, राहुल कुमावत, मंजु देवी, विमला देवी, सोहनी देवी, भूरि देवी, हेमेंद्र प्रजापत सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

06/07/2025 | Jodhana | Page : 21
Source : https://epaper.patrika.com/



प्रदेश में

# पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - पाली

—:: समाचार कतरन – 06 जुलाई, 2025 ::—

दैनिक भास्कर पाली जिला 06-07-2025

# शिविर में 205 ग्रामीणों को योजनाओं का सीधा लाभ, दाड़मी को मिला पट्टा

भास्कर न्यूज | बरनावाड़

ग्राम पंचायत मेगड़दा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत एक दिवसीय विशेष शिविर लगाया गया। शिविर में 390 ग्रामीण शामिल हुए। इनमें से 205 पात्र लोगों को योजनाओं का सीधा लाभ मिला। शिविर का सबसे भावुक क्षण तब आया, जब रेल मगरा निवासी दाड़मी देवी ने अपने आवासीय भूखंड का पट्टा मांगा। उन्होंने पहले ही आवेदन दे रखा था। पंचायत प्रशासन ने तत्परता दिखाई। शिविर स्थल पर ही पट्टा तैयार कर उन्हें सौंपा गया। यह कार्य अतिरिक्त विकास अधिकारी, सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी की मौजूदगी में सार्वजनिक रूप से हुआ। पट्टा पाकर दाड़मी देवी की आंखें भर आईं। उन्होंने कहा, "यह जमीन हमारे पुरखों की है, लेकिन सरकारी दस्तावेज नहीं होने से हर कदम पर परेशानी होती थी। कोई योजना नहीं मिलती थी, बैंक से लोन नहीं मिलता था, मकान को लेकर चिंता बनी रहती थी। अब जो पट्टा मिला है, वह हमारे जीवन की सबसे बड़ी राहत है।" उन्होंने कहा कि अब वह इस पट्टे की तहसील से रजिस्ट्री करवाकर किसी वित्तीय संस्था से लोन लेंगी और खुद का रोजगार शुरू करेंगी।

## अंत्योदय पखवाड़ा शिविर आयोजित

आनंदपुर कालू | ग्राम पंचायत फालका मुख्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर लगाया गया। शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार प्रहलाद राम ने बताया कि शिविर में सीमांकन के 2, नामांतरण के 20, अतिक्रमण चिन्हित करने के 5 प्रकरण निपटाए गए। 10 पेंशन सत्यापन किए गए। 72 लोगों की चिकित्सा जांच हुई।

सहित कई ग्रामीण शामिल र



# बेड़कलां गांव में 21 परिवारों को पट्टे मिले

**जैतारण** | बेड़कलां ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा आयोजित हुआ। शिविर में कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचे। अजमेर संभागीय आयुक्त शक्तिसिंह राठौड़ ने ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। ग्राम विकास अधिकारी पारसमल जांगिड़ ने बताया कि शिविर में 21 परिवारों को पट्टे और प्रॉपर्टी पार्सल दिए गए। डिस्कॉम विभाग को ग्रामीणों से 5 बिजली कनेक्शन के आवेदन मिले। विभाग ने कनेक्शन स्वीकृत कर मीटर जारी किए। राजस्व विभाग ने नामान्तरण और म्यूटेशन जैसे कार्यों का निस्तारण किया। मौके पर प्रधान मेघाराम सोलंकी, एसडीएम रविप्रकाश, तहसीलदार रविन्द्रसिंह चौहान, नायब तहसीलदार दिलीप पटेल, बीसीएमओ डॉ. पुष्पेन्द्रनाथ व्यास, प्रशासक गुड्डी मेघवाल, बाबूलाल सीरवी मौजूद थे।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - अजमेर

–:: समाचार कतरन – 06 जुलाई, 2025 ::–

दैनिक भास्कर

# किशनगढ़ 06-07-2025

# शिविर में आपसी सहमति से बंटवारा, पट्टों का वितरण, ग्रामीणों को राहत

भास्कर न्यूज़ | सरवाड़

फतेहगढ़ में शनिवार को पंचायत मुख्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में राजस्व से जुड़े मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली।

शिविर में सीमा ज्ञान, पत्थरगढ़ी, नामांतरण, रास्तों के प्रकरण, कुरेजात, आपसी सहमति से बंटवारा, भूमि उपयोग जैसे मामलों का समाधान किया गया। पंचायत राज विभाग ने पट्टे वितरित किए। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने पाइपलाइन लिकेज की शिकायतों का निपटारा किया। कृषि विभाग ने मृदा परीक्षण के नमूने लिए और मृदा स्वास्थ्य कार्ड बांटे। वन विभाग ने पौधे वितरित किए और पौधरोपण कराया। चिकित्सा विभाग ने टीबी पोषण किट का वितरण किया।



शिविर में सरवाड़ तहसीलदार बंटी राजपूत, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामेश्वर प्रसाद झारोटिया, सहायक विकास अधिकारी रघुवीर सिंह, पईएन रमाकांत शर्मा, सुरेश कुमार, मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ कविता पणिकर, भू अभिलेख निरीक्षक जगदीश प्रसाद माली, नरेंद्र सिंह राठौड़, पटवारी कमलेश कुमार रैगर, अरविंद सिंह, सहित अन्य मौजूद रहे।

**उपखंड अधिकारी ने किया शिविर का निरीक्षण :** एसडीएम गुरु प्रसाद तंवर ने शनिवार को फतेहगढ़ में शिविर का निरीक्षण कर अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आमजन से संवाद कर समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।

## शिविर में सीमाज्ञान के 20 प्रकरण निपटाए

राजोसी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शनिवार को राजोसी पंचायत में शिविर लगाया गया। शिविर में बंटवारे के 21, शुद्धिकरण के 10, अतिक्रमण के 3, नामांतरण के 50 और सीमाज्ञान के 20 प्रकरण निपटाए गए। शिविर में बिस्मिल्लाह बानो पत्नी सलीम खान निवासी मस्जिद का बाड़िया राजोसी ने पुराने पुश्तैनी मकान का पट्टा दिलवाने के लिए आवेदन दिया। अधिकारियों ने मौके पर ही कार्रवाई कर उन्हें उनके आवासीय परिसर का पट्टा सौंपा। पट्टा मिलते ही परिवार भावुक हो गया। लाभार्थी ने सभी अधिकारियों और मौजूद लोगों का आभार जताया। शिविर में भाजपा नेता कैलाश लांबा, नसीराबाद एसडीएम देवीलाल यादव, तहसीलदार ममता यादव, नायब तहसीलदार आफताब अहमद, श्रीनगर विकास अधिकारी महेश चौधरी, ग्राम विकास अधिकारी मनोज सैनी, सरपंच इकबाल चीता और गांव के लोग मौजूद रहे।

पत्रिका

फतहगढ़ में पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर

# मृदा स्वास्थ्य कार्ड व पौधों का किया वितरण

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**फतहगढ़ (सरवाड़).** पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शनिवार को ग्राम फतहगढ़ में शिविर का आयोजन किया गया। उपखंड अधिकारी गुरुप्रसाद तंवर ने शिविर में आए आमजन से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनी और समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

शिविर में सीमा ज्ञान, पत्थरगढ़ी, नामांतरण, रास्तों के प्रकरण कुरेजात, आपसी सहमति से भूमि बंटवारा आदि का निस्तारण किया गया। शिविर में पंचायत राज विभाग की ओर से पट्टे वितरण व जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से पाइप लाइन लीकेज को दूर किया गया। कृषि विभाग की ओर से मृदा परीक्षण के नमूने लिए व मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए।


सरवाड़


धूंधरी

वन विभाग की ओर से पौधे वितरण किए गए। चिकित्सा विभाग की ओर से क्षय रोग से बचाव के लिए पोषण किट बांटे गए। शिविर में भागचंद चौधरी, तहसीलदार बंटी राजपूत, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामेश्वर प्रसाद झारोटिया, सहायक विकास अधिकारी रघुवीर सिंह, बुद्धिप्रकाश मीणा आदि ने सहयोग किया।



सावर

## 140 लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड वितरित

**सावर @ पत्रिका.** पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत सदारी एवं नयागांव मीणा में शिविर हुए। शिविर में उपखंड अधिकारी सुभाषचन्द हेमानी, जिला देहात भाजपा महामंत्री रायचंद बागड़ी, आरएएस श्रद्धा सिंह आदि ने ग्रामीणों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। दोनों शिविर में 140 लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड वितरित किए गए। शिविर के दौरान हरयाळो राजस्थान अभियान के तहत पौधरोपण भी किया गया।

## हरयालो राजस्थान के तहत पौधरोपण

**धूंधरी @ पत्रिका.** पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शनिवार को धूंधरी में शिविर हुआ। उपखंड अधिकारी सुभाष हेमानी, जिला देहात महामंत्री रायचंद बागड़ी, सावर पंचायत समिति विकास अधिकारी चिरंजीलाल वर्मा, तहसीलदार भोपाल सिंह, स्वच्छ भारत मिशन ब्लॉक कोर्डिनेटर प्रियंक दाधीच ने शिविर में आए ग्रामीणों की समस्याएं सुनी व समाधान करवाया। शिविर में स्वामित्व योजना के अंतर्गत 40 लाभार्थियों को कार्ड वितरित किए गए। शिविर के दौरान हरयाळो राजस्थान के तहत अतिथियों के हाथों पौधरोपण भी किया गया।

दस्तावेजों में दर्शा रखा था वृद्धा को मृत

# आखिर 82 वर्षीय मांगीदेवी को मिली पेंशन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रूपनगढ़.** पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत हरमाड़ा व त्योंद में शिविर आयोजित किए गए। चलने फिरने में असक्षम वृद्धा मांगी देवी जाट (82) ने अपने पुत्र के साथ हरमाड़ा में आयोजित शिविर में पहुंचकर अपनी बंद पड़ी पेंशन को चालू करने की गुहार लगाई। इस पर उपखंड अधिकारी दीपशिखा के निर्देश पर अधिकारियों ने मांगी देवी के जन आधार की जांच की तो पाया कि वृद्धा को मृत दर्शाया हुआ है। सभी कागजात की त्रुटि को ठीक करवाकर पेंशन का सत्यापन करते हुए पुनः पेंशन चालू करवा कर वृद्धा को राहत प्रदान की गई।


मांगी देवी।



रूपनगढ़. पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में प्रमाण पत्र देतीं उपखंड अधिकारी दीपशिखा। पत्रिका

इसी प्रकार त्योंद में आयोजित शिविर में उपखंड अधिकारी ने गांव में जर्जर पड़े आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए सरकारी विद्यालय के एक कक्ष को अस्थायी रूप से आवंटित किया। जिसमें बच्चों को बैठाकर तुरंत अध्यापन कार्य शुरू किया।

इन दोनों शिविरों में राजस्व, पंचायतराज व अन्य विभागों से संबंधित प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर ग्रामीणों को राहत पहुंचाई गई। शिविर में तहसीलदार कीर्ति भारद्वाज अतिरिक्त विकास अधिकारी जोरावर सिंह आदि ने प्रकरणों का निस्तारण करवाया।

## 'किसानों की समस्याओं का समाधान कराएं'

**ब्यावर @ पत्रिका.** जिला किसान संघ अजमेर-ब्यावर-केकड़ी जिलाध्यक्ष गणपत सिंह मुग्धेश के नेतृत्व में शिष्टमंडल जिला कलक्टर से मिला। शिष्टमंडल ने काश्तकारों की विविध समस्याओं से अवगत कराया। इससे पहले उनका माला पहनाकर स्वागत किया गया। शिष्टमंडल में शामिल मांगूसिंह सूरावत, नरेंद्रपाल पदावत, डूंगरसिंह सुरडिया, कूंपसिंह रावत, चन्द्रभानसिंह, तेज सिंह रावत, सीताराम भराडिया, गोपीलाल ने काश्तकारों की योजनाओं के प्रचार प्रसार किए जाने की मांग की। इसके बाद शिष्टमंडल उपखंड अधिकारी दिव्यांगसिंह से मिला।



तीये की बैठक

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी धर्मपत्नी

श्रीमती प्रभा जैन

का स्वर्गवास दिनांक 3-7-2025 को हो गया है।

जिनकी तीये की बैठक दिनांक 6-7-2025 को सामुदायिक केंद्र, अरावली मार्ग, सेक्टर-8, मानसरोवर, जयपुर में दोपहर 3:00 से 4:00 बजे तक रखी गई है।

शोकाकुल: रमेशचंद जैन एडवोकेट (पति), देवेंद्र-अनिता, कुणाल-अनीता (देवर-देवरानी), दीपक-अर्चना (पुत्र-पुत्रवधु), दीपिका-अमितेश (पुत्री-दामाद), पार्थ, रचिता (पौत्री), दिविशा (दोहिती) पीहर पक्ष: राजेंद्र कुमार जैन, प्रवीण, अनिल, अजय, मनोज (भाई)

संपर्क: M.: 9887005402, 9414003321

दैनिक भास्कर किशनगढ़ 06-07-2025

# 10 साल पुराना जमीन विवाद शिविर में सुलझा

अराईं| पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर शनिवार को पंचायत काकलवाड़ा में आयोजित हुआ।

शिविर में काश्तकार पप्पू बैरवा, रामस्वरूप बैरवा पुत्र श्योजी और श्रवणलाल पुत्र रामधन ने उपखंड अधिकारी को बताया कि खसरा नंबर 93, 402/29, 411/226 कुल रकबा 2.2611 हेक्टेयर जमीन का बंटवारा 10 साल से अटका है। आपसी सहमति नहीं होने से विवाद बना हुआ था। उपखंड अधिकारी ने तुरंत तहसीलदार को निर्देश दिए। तहसीलदार ने मौके पर ही काश्तकारों को समझाया कि सीमाज्ञान स्पष्ट होगा, पत्थरगढ़ी की सुविधा मिलेगी और अनावश्यक नामों से मुक्ति मिलेगी। समझाइश के बाद काश्तकारों ने आपसी सहमति से बंटवारे पर सहमति दी। वर्षों पुराना विवाद खत्म हुआ। परिवारों को राहत मिली। गांव में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा।

शिविर में तहसीलदार अराईं ने सभी विभागाध्यक्षों से चर्चा की। निर्देश दिए कि ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों और किसानों को राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। राजस्व विभाग ने सीमाज्ञान, नामांतरण और आपसी सहमति से बंटवारे के काम किए। पशुपालन विभाग ने टीकाकरण किया। पंचायतीराज विभाग ने स्वामित्व कार्ड और पट्टे दिए। खाद्य विभाग ने आधार सीडिंग और ई-केवासी से जुड़े काम पूरे किए। महिला एवं बाल अधिकारिता विभाग ने बेटी जन्मोत्सव, बेटी के नाम पौधारोपण और नारी चौपाल जैसे कार्यक्रम भी कराए। शिविर में उपखंड अधिकारी आस्था शर्मा, तहसीलदार हरिराम, नायब तहसीलदार हिम्मत सिंह, गिरदावर प्रशासक श्रवणी देवी, पटवारी और सभी प्रमुख विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



प्रदेश में

## पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - सिरोही

—:: समाचार कतरन – 06 जुलाई, 2025 ::—

दैनिक भास्कर
सिरोही-आबूरोड भास्कर 06-07-2025

**शिविर • 14 विभागों ने भाग लिया, पंचायत ने 31 प्रॉपर्टी पार्सल एवं नए 8 पट्टे जारी किए**

# राजस्व विभाग ने पांच रास्ते खुलवाए



शिवगंज। शिविर में उपस्थित अतिथि व लोग।

भास्करन्यूज|शिवगंज/पोसालिया

पं. दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा के तहत पालड़ी एम पंचायत के राजकीय महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक स्कूल परिसर में शनिवार को शिविर हुआ। शिविर में पंचायत राज्य मंत्री ओटाराम देवासी व सांसद लुंबाराम चौधरी भी उपस्थित रहे। एसडीएम नीरज मित्र ने बताया कि शिविर में विभिन्न 14 विभागों ने भाग लिया। ग्राम पंचायत ने 31 प्रॉपर्टी पार्सल एवं नए 8 पट्टे जारी किए और 10 पेंशन सत्यापन की गई। राजस्व विभाग ने 03 नामांतरण, 8 नाम शुद्धीकरण, 4 बंटवारा और 5 रास्ता खुलवाने के कार्य भी किए।
पंचायत ने 2 जन्म मृत्यु के प्रमाण पत्र जारी किए। पशुपालन विभाग ने 100 पशुओं का टीकाकरण किया। चिकित्सा विभाग ने 192 ओपीडी 30 टीबी टेस्ट किए। वन विभाग ने 3000 पौधों का रोपण किया। बाल विकास विभाग ने 4 आवेदन एफआरसी के 20 केवाईसी की गई। शिविर में जिला निरीक्षण अधिकारी राजू सिंह जिला रोजगार अधिकारी , शिविर प्रभारी कार्यवाहक अध्यक्ष विकास अधिकारी मोहनलाल, सह प्रभारी चंद्रप्रकाश चारण नायब तहसीलदार कैलाश नगर, सरपंच हेमलता माली, उमेश गोयल आर आई, पटवारी श्रवण कुमार, ग्राम विकास अधिकारी ललित मीणा, कनिष्क सहायक लाभूराम चौधरी, हीरालाल, पीएचईडी एईएन नितिन डाबी, डिस्कॉम एईएन हंसाराम, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार, भबूतराम मीणा, चिकित्सा विभाग से हीना कंवर, हीरालाल, पशुपालन विभाग से आवेश खान व अजीतसिंह रूखाड़ा आदि मौजूद रहे।

## शिविर में आए सांसद, मंत्री ने कैलाश नगर में स्वास्थ्य केंद्र के लिए पट्टा दिया

भास्करन्यूज|कैलाशनगर

ग्राम पंचायत कैलाशनगर में पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर का आयोजन पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, सांसद लुंबाराम चौधरी की मौजूदगी में किया गया। शिविर में मंत्री देवासी व सांसद चौधरी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैलाश नगर की भूमि का पट्टा जारी किया। सांसद चौधरी ने कहा कि पशुओं के लिए शिवगंज तहसील क्षेत्र (ब्लॉक) में चार पशु वाहन उपलब्ध कराए गए हैं, जिसमें डॉक्टर व कंपाउंडर भी मौजूद रहेंगे। मंत्री देवासी ने बताया कि ग्राम पंचायत कैलाशनगर में 1 किमी दूरी का अटल गौरव पथ स्वीकृत किया गया है। शिविर में पेंशन सत्यापन, जन्म-मृत्यु 9 प्रमाण-पत्र बनाए गए। राजस्व विभाग द्वारा नामांतरण के 45, नाम शुद्धीकरण के 2, बंटवारे के 6, रास्ता खुलवाना के 2 के कार्य किए। पंचायत भवन में पौधरोपण किया गया। इस मौके प्रधान प्रतिनिधि किशन सिंह देवड़ा, शिविर प्रभारी व एसडीएम नीरज मिश्रा, सरपंच कैलाशनगर तेजाराम मीणा, जिला परिषद सदस्य पदमादेवी, नायब तहसीलदार कैलाशनगर चंद्रप्रकाश चारण, कार्यवाहक विकास अधिकारी मोहनलाल, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशल ओहरी, कैलाशनगर चिकित्सा प्रभारी डॉ. जयपाल सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



सांसद पट्टे वितरित करते सांसद और मंत्री।

## मंत्री को बताया- सड़कें क्षतिग्रस्त, कीचड़ फैल रहा

भास्करन्यूज|पालड़ीएम

पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा के तहत पालड़ी एम पंचायत के राजकीय महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक स्कूल परिसर में शनिवार को राज्य मंत्री ओटाराम देवासी व सांसद लुंबाराम चौधरी की मौजूदगी में शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में ग्रामीणों ने पालड़ी एम, वेरा विलपुर में फैल रही गंदगी, कीचड़ व जल भराव स्थिति और पेयजल की समस्या की शिकायत की। अतिक्रमण हटाने को लेकर ज्ञापन दिया। शिविर में वार्ड पंच विजय सिंह, दिनेश कुमार प्रजापति, गजेंद्र सिंह सिसोदिया, हरीश गहलोत ने गांव में बारिश के बाद फैल रहे कीचड़ हटवाने और सड़क तैयार करवाने की मांग की। पूर्व पंचायत समिति सदस्य मंगल कुमार मीणा ने बताया कि सड़क क्षतिग्रस्त होने से बारिश के सीजन में चलना भी मुश्किल हो रहा है। पालड़ी एम मेजर ध्यानचंद स्टेडियम खेल मैदान में खिलाड़ियों के पीने का पानी भी नहीं मिल रहा है। मंत्री ने ग्रामीणों की समस्या समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया।

Scanned with CamS

पत्रिका

# शिविर में हुआ विवाह पंजीयन, जताई खुशी

**स्वरूपगंज @ पत्रिका.** समीपवर्ती वाटेरा गांव में शनिवार को आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संभल पखवाड़ा के तहत शिविर में नवदम्पती का विवाह पंजीयन किया गया।

जानकारी के अनुसार वाटेरा निवासी लक्ष्मणलाल भील के विवाह पंजीयन के लिए विभिन्न कार्यालयों व ई-मित्र पर चक्कर लगाने के बाद भी पंजीयन नहीं हो पाया था। शिविर में अतिरिक्त विकास अधिकारी शंकरलाल से मिलने पर उन्होंने ग्राम विकास अधिकारी को आदेश दिए। जिस पर लक्ष्मणलाल को विवाह पंजीयन प्रमाण-पत्र दिया गया। इस पर उसने खुशी जताई।



वाटेरा गांव में विवाह पंजीयन प्रमाण-पत्र देते अधिकारी।

06/07/2025 | Sirohi | Page : 2
Source : https://epaper.patrika.com/

Scanned with CamS

# खाम्बल में शिविर का आयोजन

सिरोही @ पत्रिका. पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदल सम्बल पखवाड़े के तहत शनिवार को पंचायत समिति सिरोही की ग्राम पंचायत खाम्बल में शिविर का आयोजन हुआ।

जहां सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से 10 वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों का वार्षिक सत्यापन किया। अब इन वृद्धजनों को सुचारू पेंशन मिलने से आर्थिक संबल मिलेगा। शिविर में पशुपालन विभाग की ओर से मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत 30 पशुओं की बीमा पॉलिसी जारी की गई।

06/07/2025 | Sirohi | Page : 2

Source : https://epaper.patrika.com/

Scanned with CamS

पत्रिका

# कल यहां आयोजित होंगे शिविर

**सिरोही @ पत्रिका.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत 7 जुलाई को पंचायत समिति सिरोही की ग्राम पंचायत धान्ता व सरतरा, पंचायत समिति शिवगंज की ग्राम पंचायत चूली व आल्पा, पंचायत समिति पिण्डवाड़ा की ग्राम पंचायत अचपुरा, रोहिड़ा व वासा, पंचायत समिति आबूरोड की ग्राम पंचायत गिरवर व उमरणी तथा पंचायत समिति रेवदर की ग्राम पंचायत सोनेला, मण्डार व पीथापुरा में शिविर आयोजित होंगे। यह जानकारी जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने दी।

मंडी भाव

06/07/2025 | Sirohi | Page : 2
Source : https://epaper.patrika.com/

Scanned with CamS

पत्रिका

शिविर प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग

# विद्यालय में व्याप्त समस्याओं को लेकर शिविर स्थल पर बच्चों ने किया प्रदर्शन



आबूरोड. प्रदर्शन करते स्कूली बच्चे। पत्रिका

**आबूरोड @ पत्रिका** . निकटवर्ती चनार गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नवीन भवन में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर छात्र- छात्राओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर स्थल पर प्रदर्शन किया। इस दौरान बच्चों के साथ आए ग्रामीणों, एसडीएमसी सदस्यों व अभिभावकों ने शिविर प्रभारी एवं विकास अधिकारी पुखराज सरेल को ज्ञापन सौंपकर बताया कि विद्यालय में पेयजल की गंभीर समस्या है। पंचायत व जलदाय विभाग को अवगत करवाया, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। विद्यालय में शौचालय हैं, लेकिन सफाई नहीं होने से काफी परेशानी हो रही हैं। नियमित सफाई की व्यवस्था की जाए।

ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय की चारदीवारी का कार्य अपूर्ण है। पास में तालाब है, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। गांव की भावनाफली रोड के मोड पर गोगाजी थान के निकट सड़क पर पानी भरा रहता है, जिससे आवागमन में परेशानी हो रही हैं। शिविर प्रभारी ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# कैलाशनगर में शिविर आयोजित, गामीणों को दी जानकारी



कैलाशनगर. शिविर में मौजूद राज्यमंत्री, सांसद व अन्य।

**कैलाश नगर @पत्रिका.** ग्राम पंचायत कैलाशनगर में शनिवार को अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन किया। शिविर में राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, सांसद लुम्बारामजी चौधरी का आतिथ्य रहा। राज्यमंत्री ने बताया कि ग्राम पंचायत कैलाशनगर में एक किलोमीटर का अटल गौरव पथ स्वीकृत किया हैं। शिविर में पंचायत भवन में पौधारोपण भी किया। शिविर के दौरान उपखण्ड अधिकारी नीरज मिश्रा, सरपंच तेजाराम मीणा, जिला परिषद सदस्य पदमा देवी, प्रधान प्रतिनिधि विशन सिंह देवड़ा, चन्द्र प्रकाश चारण, मोहनलाल, डॉ. कौशल औहरी, डॉ. जयपाल सिंह, ग्राम विकास अधिकारी फाऊलाल सुथार आदि मौजूद थे।

06/07/2025 | Sirohi | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

Scanned with CamS

दैनिक नवज्योति jalore-sirohi - 06 Jul 2025 - Page 2

## पालडी एम में संबल पखवाड़ा के तहत शिविर आयोजित

# राज्य मंत्री देवासी व सांसद चौधरी ने भाग लिया

नवज्योति/पोसालिया।

निकटवर्ती ग्राम पंचायत पालडी एम में राज्य सरकार द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत राजकीय महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में शनिवार को शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग राज्य मंत्री ओटाराम देवासी व लोकसभा सांसद लुंबाराम चौधरी ने भाग लिया।



शिविर में भाग ले रहे 14 विभाग के अधिकारियों को योजना में पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ गांव अंतिम श्रेणी के लोगो तक पहुंचना चाहिए। सांसद चौधरी ने बताया कि मंत्रीजी ने शिवगंज ब्लॉक में पशुओं के लिए 4 पशुवाहिनी दी ही जो पशु बीमार होने पर 1962 डायल करने पर आयेगी। जिससे ग्रामीणों के पशु धन को सुरक्षा मिलेगी। नीरज मिश्र उपखंड अधिकारी के सानिध्य में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न 14 विभागों ने भाग लिया। ग्राम पंचायत ने 31 प्रॉपर्टी पार्सल एवं नये 8 पटटे जारी किए तथा 10 पेंशन सत्यापन की गई। राजस्व विभाग द्वारा 3 नामांतरण, 8 नाम शुद्धिकरण, 4 बंटवारा और 5 रास्ता खुलवाने के कार्य किए गए। ग्राम पंचायत द्वारा 2 जन्म मृत्यु के प्रमाण पत्र जारी किए गए। पशुपालन विभाग द्वारा 100 पशुओं का टीकाकरण किया गया।

चिकित्सा विभाग द्वारा 192 ओपीडी 30 टीबी हेतु टेस्ट किए गए वन विभाग द्वारा 3000 पौधों का रोपण किया। बाल विकास विभाग द्वारा 4 आवेदन एफ आर सी के 20 केवाईसी करके शिविर आम जन को राहत प्रदान की गई। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों के 2 परिवेदनाए प्राप्त हुए जिनको नियत समय में नियमानुसार निस्तारण करने की विभागों को निर्देश दिए गए। शिविर में जिला निरीक्षण अधिकारी राजू सिंह जिला रोजगार अधिकारी, शिविर प्रभारी कार्यवाहक विकास अधिकारी मोहनलाल, सह प्रभारी चंद्र प्रकाश चारण नायब तहसीलदार कैलाश नगर, सरपंच हेमलता माली, उमेश गोयल आर आई, पटवारी श्रवण कुमार, ग्राम विकास अधिकारी ललित मीणा , कनिष्क सहायक लाभूराम चौधरी, हीरालाल, पीएचडी सहायक अभियंता नितिन डाबी, विद्युत विभाग सहायक अभियंता हँसाराम, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार, अतिरिक्त विकास अधिकारी भबूत राम मीणा, चिकित्सा विभाग से हीना कंवर, हीरालाल, पशुपालन विभाज आवेश खान, वार्ड पंच व जनप्रतिनिधि गन अजीतसिंह रूखाडा, जितेंद्र सिंह, विजय सिंह, गणपत भाई मोरली, भीमाराम माली, मगनी देवी, नारायणलाल हिरागर, मंगल मीना, मनोहर सिंह बरेवडा बाबाराम, लक्ष्मण, रूपा राम प्रकाश कुमार मेगवाल, प्रेमाराम, भारत, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, विद्युत विभाग के कर्मचारी एवं ग्राम वासी वेरा विलपुर के उपस्थित रहे।

Scanned with CamS

**दैनिक नवज्योति** jalore-sirohi - 06 Jul 2025 - Page 4

# कैलाशनगर में दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर आयोजित

नवज्योति/पोसालिया।

निकटवर्ती ग्राम पंचायत कैलाशनगर में राज्य सरकार द्वारा आयोजित पंडित दिनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाडा 2025 के तहत पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ओटाराम देवासी एवं सांसद लुम्बाराम चौधरी के सानिध्य शनिवार को शिविर आयोजित किया गया। जिसमें राज्य मंत्री देवासी ने ग्रामीणों को उक्त शिविर में भाग लेने वाले 14 विभागों के विभिन्न कार्यों का पालनानुसार लाभ दिलवाने के लिए विभागों को निर्देशित किया गया। इस दौरान मंत्री देवासी एवं सांसद चौधरी के हाथो से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कैलाशनगर का 7000 वर्गमीटर का खेल मैदान के पास राजकीय महाविद्यालय के सामने मैन मनादर-कैलाशनगर डामरीकृत रोड पर स्थित भुमि का पट्टा जारी किया गया। शिविर के दौरान सांसद चौधरी ने बताया कि पशुओ के लिए शिवगंज तहसील क्षेत्र ब्लॉक में चार पशु वाहन उपलब्ध कराये गये है। जिसमें डॉक्टर व कंपाउंडर सहित जब भी ग्रामीणों को



इनकी जरूरत होने पर नम्बर 1962 डायल करने पर वाहन उपस्थित रहेगा। मंत्री देवासी ने बताया कि ग्राम पंचायत कैलाशनगर में अटल गौरव पथ जिसकी दूरी किमी है स्वीकृत किया गया है। शिविर ग्राम पंचायत द्वारा पेंशन सत्यापन, जन्म-मृत्यु 9 प्रमाण पत्र के 2 फार्म सत्यापन किया। राजस्व विभाग द्वारा नामांतरकरण 45, नाम शुद्धिकरण 2, बंटवारा 6, रास्ता खुलवाना 2 के कार्य किये गये। शिविर में पंचायत भवन में वृक्षारोपण किया गया।

## ये रहे मौजूद

शिविर के दौरान राजस्थान सरकार के पंचायती राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, जालोर सिरोही सांसद लुम्बाराम चौधरी, प्रधान प्रतिनिधि शिवगंज विशन सिंहजी देवडा, शिविर प्रभारी उपखंड अधिकारी शिवगंज नीरज मिश्र, सरपंच कैलाशनगर तेजाराम मीणा, जिला परिषद सदस्य पदमा देवी, उप तहसीलदार कैलाशनगर चन्द्र प्रकाश चारण, कार्यवाहक विकास अधिकारी, मोहनलाल, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशल औहरी, चिकित्सा प्रभारी डॉ जयपालसिंह, भू.अ. निरीक्षक कैलाशनगर गूरामाई चौहान, मंडल अध्यक्ष मोहनलाल पुरोहित, पूर्व मंडल अध्यक्ष गणेश कुमार पुरोहित, गणपतसिंह, वार्डपंच रमेश कुमार, कालुसिंह, गजाराम, लक्ष्मी देवी, समेत ग्रामीण प्रविण पुरोहित, भंवरलाल पुरोहित, जब्बरसिंह, मीश्रीमल रावल, ग्राम विकास अधिकारी, फाऊलाल सुथार, पटवारी कैलाशनगर, रिछपाल सिंह, कनिष्ठ सहायक, अमरसिंह उपस्थित रहे।

Scanned with CamS

दैनिक नवज्योति jalore-sirohi - 06 Jul 2025 - Page 8

# राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने किया अंत्योदय संबल शिविरों का निरीक्षण

नवज्योति/सिरोही।

राज्य के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी तथा सांसद लुंबाराम चौधरी ने शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत पालड़ी एम, कैलाशनगर, डोडुआ तथा खाम्बल में आयोजित शिविरों का अवलोकन किया। राज्य मंत्री देवासी ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का उत्थान ही एक सशक्त राष्ट्र की पहचान है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाए गए वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान, पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा साथ ही अन्य अभियान राज्य को विकासोन्मुख करने के मजबूत इरादों का क्रियान्वयन है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन की समस्याओं का निस्तारण करने और सामूहिक प्रयासों के साथ क्षेत्र को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने के लिए निरंतर कार्यरत है। अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत ग्राम पंचायत वार हुए शिविरों के आयोजन से ग्रामीणों को अपने गांव में ही विभिन्न विभागों के कार्यों की तत्काल क्रियान्विति मिल रही है जो कि आमजन को राहत दिलवाने का एक अनुपम प्रयास है। उन्होंने सभी से इन विभागीय कार्यों का लाभ लेने की बात कही साथ ही वहां उपस्थित विभागीय कर्मचारियों अधिकारियों से शिविर की प्रगति जानते हुए प्रत्येक पात्र को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

सांसद लुंबाराम चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि देश व प्रदेश की सरकार पूर्ण सकारात्मकता के साथ अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने और उनकी समस्याओं का निस्तारण कर राहत पहुंचाने के लिए कार्यरत है। उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रत्येक वर्ग तक पहुंचने, उनकी समस्याओं का निस्तारण करने और विकास के कार्य करने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ काम किया जा रहा है। उन्होंने प्रत्येक विभागीय अधिकारी को उनकी विभागीय योजनाओं का वृहद स्तर पर प्रचार प्रसार करने की बात कही।

जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित ने कहा कि गत 24 जून से राज्य सरकार द्वारा इन शिविरों के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों के माध्यम से आमजन से जुड़े विभिन्न विभागीय कार्य करवाए जा रहे है। प्रदेश की संवेदनशील सरकार द्वारा चलाए गए ये शिविर आमजन से जुड़े कार्यों के सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे।

उन्होंने सभी से इन शिविरों का लाभ लेने की बात कही। प्रधान हंसमुख मेघवाल ने अपने संबोधन में कहा कि इन शिविरों के माध्यम से आमजन के कार्य त्वरित गति से हो रहे हैं। आमजन से जुड़े सभी महत्वपूर्ण विभागों का एक जगह पर मिलना और उनसे जुड़ी समस्याओं का तत्काल निस्तारण होना ग्रामीणों के लिए बेहद लाभकारी है।



पट्टों एवं स्वामित्व कार्ड का भी किया वितरण



## लाभार्थियों को पटटे, स्वामित्व कार्ड सहित अन्य दस्तावेज वितरित, जताई खुशी

राज्य मंत्री देवासी व सांसद चौधरी, जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने इस दौरान शिविरों से लाभान्वित हुए विभिन्न लाभार्थियों को संबधित दस्तावेजों, पटटे, स्वामित्व कार्ड व विभिन्न स्वीकृतियों आदि का वितरण किया। जनप्रतिनिधियों से संबंधित दस्तावेजों, पटटे, स्वामित्व कार्ड व विभिन्न स्वीकृतियों आदि को प्राप्त करते लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस पखवाड़े की सराहना की और प्रशासन का भी आभार जताया।

## जनसुनवाई कर दिए अधिकारियों को निर्देश

राज्यमंत्री देवासी ने अंत्योदय संबल शिविरों के निरीक्षण के दौरान आमजन द्वारा प्रस्तुत परिवेदनाओं को सुनते हुए सभी संबधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे इन शिविरों का लक्ष्य आमजन तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना एवं उनकी परिवेदनाओं का निस्तारण करना है। सभी विभाग इन लक्ष्यों की पूर्ति के लिए राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन को लाभान्वित करें और उनकी परिवेदनाओं का निस्तारण कर राहत पहुंचाएं। इस दौरान ग्रामीणों ने बिजली, पानी की सुचारु आपूर्ति, सड़क निर्माण सहित विभिन्न परिवेदनाओं से जनप्रतिनिधियों को अवगत करवाया।

## पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

राज्य मंत्री देवासी व सांसद लुंबाराम चौधरी ने इस दौरान पालड़ी एम और कैलाशनगर में पौधारोपण भी किया। उन्होंने कहा कि सभी को पर्यावरण के प्रति अपने दायित्वों को समझते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सकारात्मक कदम उठाने चाहिए। बढ़ते तापमान के लिए भी पर्यावरण संरक्षण बहुत जरूरी है। इसलिए सभी अधिक से अधिक पौधारोपण करें, अन्य को भी प्रेरित करें तथा पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी निभाएं। इस दौरान संबंधित अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित थे।

Scanned with CamS

# दैनिक नवज्योति

jalore-sirohi - 06 Jul 2025 - Page 8


# खांबल में अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर आयोजित

नवज्योति/सिरोही।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत शनिवार को पंचायत समिति सिरोही की ग्राम पंचायत खाम्बल में शिविर का आयोजन हुआ। जहां सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा 10 वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों का वार्षिक सत्यापन किया गया। अब इन वृद्धजनों को सुचारू पेंशन मिलने से आर्थिक संबल मिलेगा जिसके लिए उन्होंने सरकार एवं प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पशुओं की बीमा पॉलिसी जारी हुई पशुपालकों ने जताई खुशी

खाम्बल में आयोजित शिविर में पशुपालन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत 30 पशुओं की बीमा पॉलिसी जारी की गई। शिविर में पशुपालक भावना देवी, पोनी देवी, गवरी देवी, जतना देवी आदि को पॉलिसी का वितरण किया गया। इसके अन्तर्गत पशुओं की किसी भी बीमारी व अकाल मृत्यु होने पर राज्य सरकार द्वारा क्लेम की अधिकतम राशि प्रति पशु 40 हजार रुपए का भुगतान पशुपालक को किया जाएगा। इसके तहत पशुपालकों को मुख्यमंत्री निशुल्क दवा वितरण योजना के तहत उप केन्द्र पर 72 प्रकार की निशुल्क दवा वितरण भी की गई। सभी लाभार्थियों ने सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सार्वजनिक श्मसान के लिए हुई भूमि आवंटित

खाम्बल में सर्व समाज द्वारा 13 वर्षों से श्मसान भूमि के अभाव में बेहद असुविधा का सामना किया जा रहा था। यह समस्या धार्मिक और सामाजिक दृष्टि से संवेदनशील थी। वहीं जनभावनाओं से जुडी हुई भी थी। शिविर में इस दीर्घकालीन समस्या का ऐतिहासिक निस्तारण हुआ। जहां मौजा खाम्बल के खसरा नं. 1004 में से रकबा 0.64 भूमि सार्वजनिक श्मसान के लिए आवंटित हुई। सभी ने राज्य सरकार एवं प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया।

Scanned with CamS



प्रदेश में

## पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - चूरू

–:: समाचार कतरन – 06 जुलाई, 2025 ::–

जिला चूरू दिनांक 05.07.2025

राजस्थान पत्रिका 06.07.2025

# मानपुरा भुवाड़ी में आयोजित हुए शिविर



**सादुलपुर @ पत्रिका.** ग्राम पंचायत मानपुरा और भुवाडी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अन्तर्गत आयोजित शिविरों में ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। शिविर में भाजपा नेता महावीर पूनियां ग्रामीणों की समस्याओं सुनी और अधिकारियों से इसके त्वरित निराकरण की अपेक्षा की। पूनियां ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से आमजन का कार्य शीघ्रता व सरलता करने तथा गांव में अंतिम पंक्ति में बैठे हर व्यक्ति को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा हैं। ग्राम मानपुरा के सार्वजनिक मोक्ष भूमि में पौधारोपण किया गया। शिविर में तहसीलदार धीरज झाझड़िया, नायब तहसीलदार सुभाष छीपा, भुवाड़ी से पंचायत समिति सदस्य लीलाधर सहारण, शीशराम पूनियां, मानपुरा प्रतिनिधि ओमप्रकाश मेघवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद थे।

# शिविर में ग्रामीणों को किया पट्टा वितरित

सिधमुख. क्षेत्र के ग्राम पंचायत धानोठी बड़ी के अटल सेवा केंद्र में



पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्तोदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन सरपंच मसूदीराम पूनिया की अध्यक्षता में किया गया। तहसीलदार कालूराम ने सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा कर कार्यों का निस्तारण करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सरपंच मसूदीराम पुनिया ने बताया की पौधारोपण कर वनों का सरंक्षण किया जा सकता है। शिविर में ग्राम विकास अधिकारी मदनलाल, गिरदावर रामनिवास पूनिया के साहित्य में शिविर का समापन किया गया जिसमें वृक्षारोपण, पट्टा वितरण, राजस्व विभाग, चिकित्सा विभाग व अन्य विभागों के कार्य किये। शिविर से संबंधी अधिकारी व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

राष्ट्रदूत 06.07.2025

# शिविर में गांववासी लाभान्वित

**रतनगढ़** (निसं)। मांगीलाल शर्मा गोरीसर के निवासी हैं जिन्हें वर्षों से मकान पर लोन प्राप्त नहीं हो रहा था। जिन्होंने पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर में बीडीओ जगदीश प्रसाद व्यास के समक्ष अपनी समस्या को रखा इसके पश्चात विकास अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी रोहित शर्मा ने समस्त के दस्तावेजों की जांच कर उन्हें स्वामित्व योजना के तहत मकान का प्रॉपर्टी पार्सल दिया। जिससे उन्हें मकान पर लोन प्राप्त करने में सुविधा होगी, मांगीलाल शर्मा मूल रूप से किसान है, अपनी आजीविका चलाने के लिए दुकान खोलना चाहते हैं स्वामित्व योजना के तहत मिले पार्सल से उन्हें लोन प्राप्त करने में आसानी होगी अत: अब व अपनी दुकान खोल सकेंगे। वह इस योजना से अत्यंत प्रसन्न हैं व राजस्थान सरकार व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अत्यंत आभार प्रकट कर रहे हैं।

जयपुर टाइम्स 06.07.2025

# पण्डित दीनदयाल उपाध्याय कैम्प में अनेक प्रकरणों का निस्तारण

**जयपुर टाइम्स**

**सरदारशहर(निस)।** पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पंखवाड़ा के तहत शनिवार को पांच ग्राम पंचायत सवाई बडी, मेहरासर चाचेरा, भोजरासर में कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में समस्त विभागों के अधिकारीगण व कार्मिकगण उपस्थित रहे।



कैम्प में राजस्व अधिकारी व कर्मचारियों की ओर से वर्षों से लम्बित ग्रामीणों के प्रकरणों का निस्तारण किया गया। साथ ही रास्ता विवाद, पत्थरगढी विभाजन आदि के प्रकरणों का निस्तारण कर आमजन को सुगमता प्रदान की गई। तीनो कैम्पों में नामान्तरण के 41, खाता विभाजन के 9, सीमाज्ञान के 8, पत्थरगढी के 2, नाम शुद्धि के 7 व रास्ता खुलवाने के 7 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी दिव्या चौधरी ने कैम्पों का निरीक्षण कर समस्त कार्मिकों को कैम्प में उपस्थित होने वाले आमजन की समस्याओं का समय पर निस्तारण के लिए आदेश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार रतनलाल मीणा व नायब तहसीलदार प्रहलादराय पारीक उपस्थित रहे।

# नया पोल लगाकर दिलाई ढीले तारों से निजात

**सीकर टाइम्स । चूरू.** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 'आपणो अग्रणी राजस्थान' के संकल्प को साकार करने की दिशा में संचालित हो रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत शिविर आमजन को बेहतरीन सुविधाएं दे रहे हैं। चूरू जिले के राजगढ़ उपखंड की ग्राम पंचायत खुड़ी में आयोजित शिविर में ग्रामवासियों ने बिजली के ढीले तारों की समस्या बताई। ग्रामीणों ने बताया कि खुड्डी में चैलानाबास सड़क क्रॉसिंग पर बिजली के ढीले तारों से दुर्घटना की आशंका है। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए डिस्कॉम के अधिकारियों ने मौके पर ही पहुंचकर बिजली के ढीले तारों को ठीक करवाया। मौके पर टीम पहुंची तो पाया कि दो खंभों के बीच में दूरी अधिक होने के कारण गर्मी के मौसम में तार ढीले होकर नीचे आ गए हैं। इस समस्या से निपटने के लिए विद्युत विभाग के उपस्थित कार्मिकों ने उच्चाधिकारियों से नए पोल की स्वीकृति ली और चैलाना बास सड़क क्रॉसिंग पर एलटी लाईन का नया पोल लगाकर समस्या का समाधान किया।



# पूर्णाराम को मिला जॉब कार्ड, उठा सकेंगे विभिन्न योजनाओं का लाभ

**सीकर टाइम्स । चूरू.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत शिविरों से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की आमजन को त्वरित राहत दिलाने की मंशा साकार हो रही है। चूरू जिले की ग्राम पंचायत चलकोई बणीरोतान निवासी 56 वर्षीय पूर्णाराम पुत्र रामजस का परिवार वर्षों से गांव में निवासरत है, लेकिन अभी तक उनका उनके पास आवास का पट्टा नहीं था। ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में उन्हें उनके घर का पट्टा दिया गया। पूर्णाराम बताते हैं कि उनका परिवार जन्म से ही इस भूमि पर रह रहा था, लेकिन उनके पास वैध भूमि स्वामित्व दस्तावेज नहीं थे। अब पट्टा मिलने से उनके पास घर का मालिकाना हक है तथा वह विभिन्न सुविधाओं का लाभ भी उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में ही उन्हें आजीविका सहायता हेतु मनरेगा जॉब कार्ड भी तुरंत प्रदान किया गया। इससे अब वह विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने शिविर के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने उन्हें उनके घर का मालिकाना हक दिया है।






# पंडित दीनदयाल उपाध्याय संभल पखवाड़ा ग्रामीणों को मिला लाभ, योजनाओं की जानकारी दी

सादुलपुर (मदनमोहन आचार्य)। राजगढ़ तहसील के ग्राम पंचायत खैरु बड़ी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंतोदय संभल पखवाड़ा के तहत नायब तहसीलदार सुभाष चंद्र छींपा की अगुवाई में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रास्ता प्रकरण सीमा ज्ञान पेंशन सत्यापन झूलते विद्युत तारों का निस्तारण पशु टीकाकरण खाद्य सुरक्षा सहित अनेक प्रकरणों का निपटारा किया गया शिविर में सैकड़ो ग्रामीण अपनी परिवेदनाएं लेकर पहुंचे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देते हुए हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि सुनील जांगिड़ ग्राम विकास अधिकारी नगेंद्र सिंह पूनिया गिरदावर राजेंद्र सिंह पटवारी बलवीर लूनिया कृषि पर्यवेक्षक रमेश कुमार एवं अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी तथा ग्रामीण मौजूद रहे कृषि पर्यवेक्षक रमेश पूनिया ने बताया की पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 7 जुलाई को राधा बड़ी ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित किया जाएगा एवं आमजन को शिविर में राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराकर लाभान्वित किया जाएगा।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - भीलवाडा

–:: समाचार कतरन – 06 जुलाई, 2025 ::–

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंन्त्योदय पखवाड़ा शिविर जाल खेड़ा व गागेडा मे संपन्न

दास्तानें भीलवाड़ा
dastanebhilwara app For free Epaper

गुलाबपुरा (एस.पी.एस सोनी)। भीलवाड़ा जिले के गुलाबपुरा उपखंड के निकटवर्ती गागेडा ग्राम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंन्त्योदय पखवाड़ा शिविर में प्रभारी मधुसूदन रत्नू,तहसीलदार रणवीर सिंह, नायब तहसीलदार अटाली मुकेश गुर्जर, शिविर के दौरान आमजन की समस्याएं सुनीं! मौके पर निस्तारण कर आमजन को राहत दी! 5 ग्रामीणों को पट्टे दिए! पौधारोपण भी किया! शिविर के दौरान पूर्व उपप्रधान हस्तीमल चौधरी,पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामराज भाभी, कैलाश पुरोहित, ताराचंद गुर्जर, मदन दास, हरदेव, लादूराम जोशी, शिवराज तेली, नंदा नाथ ,सुखदेव दास, घनश्याम दास, कैलाश जोशी आदि ग्रामीणों के साथ गुरुवार को शिविर प्रभारी से ग्राम की ओर से आग्रह करते हुए बताया कि राजकिय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में बारिश के समय प्रार्थना कराना इतने छात्र-छात्राओं का कठिन काम है। उन्होंने शिविरप्रभारी से कहा कि विद्यालय में टीन सेड का निर्माण कर ग्राम वासियों के छत्तीस ही कोम के बालक बालिकाओं को राहत दिलाए।



गुलाबपुरा उपखंड के निकटवर्ती गागेडा ग्राम में पंडित दीनदयाल अंत्योदय पखवाड़ा शिविर में पूर्व सरपंच हस्तीमल चौधरी ग्रामीणों के साथ शिविर प्रभारी मधुसूदन रत्नू को विद्यालय प्रांगण में टीन सेड लगाने का मांग पत्र देते हुए! फोटो एस.पी.एस सोनी

ग्राम पंचायतद्वारा 15 ग्राम वासियों को पट्टे दिए! पेंशन सत्यापन 27, जॉब कार्ड 9 विद्युत पोल 2 को सही किये, बिजली के झुलते तार को खींच कर 1 जगहसही किये! पानी की 1 टंकी की सफाई, लीकेज मरमत 2 जगह, अंतिम छोर पर जल वितरण 1 जगह, सीमा ज्ञान 06, नामांतरण 21 रास्ता के 2प्रकरणों का शिविर में निस्तारण किया गया। शिविर समाप्ति के पश्चात तहसीलदार रणवीर सिंह विकास अधिकारी मधुसूदन रत्नू ने गागेडा ग्रामके मॉडल तालाब का भी अवलोकन कर पौधारोपण किया! उन्होंने ग्राम पंचायत द्वारा कराये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। सचिव को आवश्यक दिशा निर्देश दिए! सहायक विकास अधिकारी प्रभु लाल जाट, राजस्व विभाग की टीम, चिकित्सा विभाग, पशुपालन विभाग के डॉक्टर जितेंद्र कटियार सहित महावीर नाथ उप सरपंच, गोविंद राम जाट, कैलाश पुरोहित , नंदराम जाट, नंदा नाथ ,ताराचंद गुर्जर ,चुन्नीलाल जाट,रघुनाथ जाट आदि कई ग्रामीण ग्राम विकास अधिकारी हीरालाल माली आदि मौजूद थे!इसी प्रकार जाल खेड़ा ग्राम में उपखंड अधिकारी रोहित चौहान, प्रधान कृष्ण सिंह राठौड़, उपप्रधान शांति देवी विकास अधिकारी मधुसूदन रत्नू ने ग्रामीणों की समस्या सुनी समाधान किया! ग्राम जाल खेड़ा पंचायत में 12 व्यक्तियों को पट्टे दिए,08 व्यक्तियों की पेंशन सत्यापन हुई, पत्थर गाड़ी के 4 प्रकरण सीमा ज्ञान के 4 प्रकरण, 1 पानी की टंकीयो की सफाई, 3 लीकेज मरम्मत कर ,अंतिम छोर पर जल वितरण 3जगह, राजस्व विभाग द्वारा नामांतरण 15, रास्ता प्रकरण 5, जलते तारों को ठीक करना 2, विद्युत पोल सहीकरना 1, तारों के संपर्क में आने से पेड़ पौधों की छंगाई 13 जगह करवाई गई! आदि प्रकरणों का निस्तारण हुआ! इस दौरान सरपंच सजनी देवी ,उप सरपंच राजमल गुर्जर पंचायत समिति के सहायक विकास अधिकारी रामदेव बेरवा,समाजसेवी ग्राम विकास अधिकारी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे!

जुड़ा था। भारतीय खाद्य सुरक्षा व

# विधायक सांखला, प्रधान राठौड ने किया पौधारोपण, फलामादा ग्राम में 31 ग्रामीणों को दिये पट्टे

## पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर संपन्न

दास्ताने भीलवाड़ा
dastanebhilwara app For Free Epaper

गुलाबपुरा (एस.पी.एस सोनी)। भीलवाड़ा जिले के गुलाबपुरा उपखंड की ग्राम पंचायत फलामादा ग्राम में भी शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फलामादा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा शिविर में विधायक जबर सिंह सांखला ,पंचायत समिति हुरडा के प्रधान कृष्ण सिंह राठौड ने शिरकत की! ग्रामीणों को पट्टे दिए! पौधारोपण किया! शिविर में अधिकारियों से जानकारी लेकर राज्य सरकार की मन्शा के अनुरूप आमजन को राहत देने का निर्देश दिया! ग्रामीणों ने विधायक सांखला का स्वागत सम्मान भी किया! शिविर प्रभारी



गुलाबपुरा उपखंड के फलामादा ग्राम में पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में विधायक जबर सिंह सांखला, प्रधान कृष्ण सिंह राठौड़ महिला को पट्टा देते हुए। पास खड़े हैं उपखंड अधिकारी रोहित चौहान, सरपंच महिपाल सिंह। फोटो एस.पी.एस सोनी

उपखंड अधिकारी रोहित चौहान ने आमजन के मामलों की सुनवाई करते हुए संबंधित विभाग को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए! उपखंड अधिकारी चौहान ने ग्राम में लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया! लाइब्रेरी में समाचार पत्र आदि के बारे में जानकारी! उन्होंने लाइब्रेरी में समाचार पत्र निरंतर उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया! फलामादा शिवीर मे आमजन के ये हुए काम! शिविर में 31 ग्रामीणों को ग्राम पंचायत द्वारा पटटे दिए! 9 आवेदकों को जॉब कार्ड प्रदान किये! पेंशन सत्यापन 12 ,सीमा ज्ञान 13, पत्थर गाड़ी 6, नामांतरण 15, रास्ता प्रकरण 3, बटवारा प्रकरण 3 , विद्युत पोलों पर झूलते तारों को ठीक करना 3 विद्युत पोल 3को सही करना, तारों के संपर्क में पौधों की छगाई 9, पशु बीमा पॉलिसी 2,पानी की टंकी सफाई 2, पानी की पाइपलाइन लीकेज ठीक 5 आदि प्रकरणो का शिविर में निस्तारण हुआ! ग्राम की एक महिला टीबी रोगी को खाद्य सामग्री किट प्रदान किया! शिविर के दौरान सहायक शिविर प्रभारी रामदेव बेरवा फलामादा सरपंच महिपाल सिंह चुंडावत , अंटाली नायब तहसीलदार मुकेश गुर्जर, पटवारी भूपेंद्र जाट, सहायक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शिवकुमार टेलर ग्राम विकास अधिकारी पूसा नाथ योगी सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद थे!

# आयुष्मान कार्ड वितरित किए, कृषि विभाग ने मृदा के नमूने लिए

भास्कर संवाददाता | ढीकोला

उप तहसील ढीकोला पंडित दीनदयाल उपाध्याय सम्बल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत ईंटमारिया में शिविर का आयोजित किया।

शिविर में चिकित्सा विभाग ने शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड वितरित किए। राजस्व विभाग द्वारा पत्थरगढ़ी, सीमाज्ञान, 13 नामांतरण 28 का निस्तारण किया। कृषि विभाग द्वारा 25 मृदा नमूने लिए। पंचायतीराज द्वारा पेंशन का सत्यापन करवाया। शिविर प्रभारी एवं विकास अधिकारी प्रकाश चन्द्र स्वर्णकार, प्रशासक राधा देवी गाडरी, भू अभिलेख लिपिक गोपाललाल गुप्ता, राजूलाल गाडरी, ग्राम विकास अधिकारी शंकरलाल मीणा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ढीकोला प्रभारी सोनिया सोलंकी आदि मौजूद रहे।

दैनिक नवज्योति bhilwara - 06 Jul 2025 - Page 7

# उपाध्याय सम्बल पखवाड़ा : ईटमारिया में शिविर आयोजित



न्यूज सर्विस/नवज्योति, ढीकोला

उप तहसील मुख्यालय पर शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय सम्बल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत ईटमारिया में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में चिकित्सा विभाग ने शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड वितरित किए। राजस्व विभाग द्वारा पत्थरगढी सीमा ज्ञान 13 नामांतरण 28 का निस्तारण किया। कृषि विभाग द्वारा 25 मृदा नमूने लिए गए। पंचायतीराज द्वारा पेंशन का सत्यापन करवाया गया। शिविर प्रभारी एवं विकास अधिकारी प्रकाशचन्द्र स्वर्णकार, प्रशासक राधादेवी गाडरी भू अभिलेख लिपिक गोपाललाल गुप्ता, राजूलाल गाडरी ग्राम विकास अधिकारी शंकरलाल मीणा चिकित्सा प्रभारी आदि मौजूद थे।

दैनिक भास्कर

भीलवाड़ा जिला 06-07-2025

# शिविरों में क्षय रोगियों को पोषण किट



बनेड़ा | उपखण्ड सर्किल के सालरियाकला, बेरा और बालेसरिया ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर लगे। सालरियाकला में शिविर की अध्यक्षता उपखण्ड अधिकारी श्रीकांत व्यास ने की। शिविर में पेंशन सत्यापन, खाद्य सुरक्षा, जनाधार अपडेट, जन्म-मृत्यु पंजीकरण सहित कई विभागों के कार्यों का मौके पर निस्तारण किया गया। विभागीय अधिकारियों ने योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में क्षय रोग से पीड़ित देवा पुत्र नंदा खारोल को निक्षय पोषण किट दिया। इस दौरान नायब तहसीलदार सत्यनारायण लुहार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। बेरा में विकास अधिकारी धर्मपाल परसोया की अध्यक्षता में शिविर हुआ। बालेसरिया में उपखंड अधिकारी श्रीकांत व्यास और प्रशासक बाली देवी भील की मौजूदगी में शिविर हुआ।



# शिविर में आयुष्मान कार्ड वितरित
# कृषि विभाग ने लिए मिट्टी के नमूने





शाहपुरा@पत्रिका. उप तहसील मुख्यालय ढीकोला क्षेत्र के ईटमारिया में पंडित दीनदयाल उपाध्याय सम्बल पखवाड़ा के अंतर्गत में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में चिकित्सा विभाग ने शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड वितरित किए। राजस्व विभाग ने पत्थरगढी, सीमा ज्ञान, नामांतरण सहित विभिन्न प्रकरणों का निस्तारण किया। कृषि विभाग के अधिकारियों ने मृदा के नमूने लिए। पंचायतीराज की ओर से पेंशन का सत्यापन करवाया गया। शिविर प्रभारी एवं विकास अधिकारी प्रकाश चंद्र स्वर्णकार, प्रशासक राधा देवी गाडरी, भू अभिलेख लिपिक गोपाललाल गुप्ता, राजूलाल गाडरी, ग्राम विकास अधिकारी शंकरलाल मीणा, चिकित्सा प्रभारी सहित विभिन्न विभागों के कार्मिक मौजूद रहे।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - टोंक

—:: समाचार कतरन – 06 जुलाई, 2025 ::—

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# राजस्व रिकॉर्ड में महावीर की जाति का हुई शुद्ध, राजेश के घर का बना आवासीय पट्टा

हमारा समाचार



**टोंक।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शनिवार को तहसील टोंक के ग्राम पंचायत गोपालपुरा में शिविर आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप इन शिविरों में आने वाले अधिकाधिक नागरिकों को मौके पर ही लाभ दिया जा रहा है। शिविर के दौरान परिवादी महावीर ने उपस्थित होकर शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार पूजा अटल को बताया कि उसकी सह खातेदारी भूमि का राजस्व रिकॉर्ड जमाबंदी खाता संख्या 75 में दर्ज है। इसमें लगभग 25 वर्ष पहले हम सभी सह खातेदारों की जाति जाट के बजाय गुर्जर हो गई थी। इस कारण उन्हें केसीसी लेने व सरकारी योजनाओं का लाभ पाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही करते हुए शिविर प्रभारी के निर्देश पर हल्का पटवारी ने राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज गलत जाति गुर्जर को शुद्ध करते हुए जाट की। महावीर ने बताया कि वह काफी लम्बे समय से जाति शुद्धिकरण को लेकर परेशान था, लेकिन वर्तमान सरकार द्वारा जो शिविर आयोजित किये जा रहे हैं, वो आमजन के लिये लाभकारी है। इसी तरह तहसील उनियारा की ग्राम पंचायत गोठड़ा में आयोजित शिविर के दौरान अनेक ग्रामीणों को मौके पर ही लाभ दिया गया। शिविर के दौरान एक परिवार को आवासीय पट्टा मिला। शिविर में राजेश कुम्हार ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया कि जिस स्थान पर हमारा परिवार निवास कर रहा है, उस आवासीय भूखण्ड का पट्टा नहीं होने के कारण राजकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। शिविर के दौरान शिविर प्रभारी ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए राजेश को मौके पर ही आवासीय पट्टा उपलब्ध करवा दिया। राजेश ने बताया कि मेरा परिवार पिछले कई वर्षों से आवासीय पट्टे के लिये प्रयासरत था, लेकिन आज शिविर में कुछ ही घंटो में आवासीय पट्टा प्राप्त हो गया है। इसके लिये राजेश ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

## राजस्व रिकॉर्ड में महावीर की जाति का हुई शुद्ध, राजेश के घर का बना आवासीय पट्टा



**खबरों की दुनिया**

**टोंक ।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शनिवार को तहसील टोंक के ग्राम पंचायत गोपालपुरा में शिविर आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप इन शिविरों में आने वाले अधिकाधिक नागरिकों को मौके पर ही लाभ दिया जा रहा है। शिविर के दौरान परिवादी महावीर ने उपस्थित होकर शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार पूजा अटल को बताया कि उसकी सह खातेदारी भूमि का राजस्व रिकॉर्ड जमाबंदी खाता संख्या 75 में दर्ज है। इसमें लगभग 25 वर्ष पहले हम सभी सह खातेदारों की जाति जाट के बजाय गुर्जर हो गई थी। इस कारण उन्हें केसीसी लेने व सरकारी योजनाओं का लाभ पाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही करते हुए शिविर प्रभारी के निर्देश पर हल्का पटवारी ने राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज गलत जाति गुर्जर को शुद्ध करते हुए जाट की । महावीर ने बताया कि वह काफी लम्बे समय से जाति शुद्धिकरण को लेकर परेशान था, लेकिन वर्तमान सरकार द्वारा जो शिविर आयोजित किये जा रहे हैं, वो आमजन के लिये लाभकारी है।

इसी तरह तहसील उनियारा की ग्राम पंचायत गोठड़ा में आयोजित शिविर के दौरान अनेक ग्रामीणों को मौके पर ही लाभ दिया गया। शिविर के दौरान एक परिवार को आवासीय पट्टा मिला। शिविर में राजेश कुम्हार ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया कि जिस स्थान पर हमारा परिवार निवास कर रहा है, उस आवासीय भूखण्ड का पट्टा नहीं होने के कारण राजकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। शिविर के दौरान शिविर प्रभारी ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए राजेश को मौके पर ही आवासीय पट्टा उपलब्ध करवा दिया। राजेश ने बताया कि मेरा परिवार पिछले कई वर्षों से आवासीय पट्टे के लिये प्रयासरत था, लेकिन आज शिविर में कुछ ही घंटो में आवासीय पट्टा प्राप्त हो गया है। इसके लिये राजेश ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया ।

# उनियाराखुर्द और मांदोलाई में लगाया अंत्योदय शिविर

## 60 मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, टोडारायसिंह।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अत्योदय संबल पखवाडा के अंतर्गत ग्राम पंचायत उनियाराखुर्द और मांदोलाई में शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत उनियाराखुर्द के शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार टोडारायसिंह मनीष कुमार मीणा रहे। शिविर के दौरान 26 मृदा नमूने एकत्र किए गए और 60 मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। मृदा स्वास्थ्य कार्ड से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार फसल उत्पादन में वृद्धि और उर्वरकों के उपयोग में कमी तथा कार्ड किसानों को उनकी मिट्टी की उर्वरता के बारे में जानकारी प्रदान करता है। जिससे वे अपनी फसलों के लिए सही पोषक तत्वों का उपयोग कर सकते हैं। मृदा स्वास्थ्य कार्ड से किसानों को मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार, फसल उत्पादन में वृद्धि, उर्वरकों के उपयोग में कमी और लागत में कमी, पर्यावरण संरक्षण, दीर्घकालिक मृदा स्वास्थ्य, किसानों को सशक्त बनाना है और अन्य विभागों द्वारा भी आमजन को भी शिविर में राहत पहुंचाई गई। आगामी शिविर ग्राम पंचायत मोर एवं बासेडा में 7 जुलाई को शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक आमजन कृषक शिविर में पहुंचकर शिविर का लाभ उठाये।

# राजस्व रिकॉर्ड में महावीर की जाति की हुई शुद्धी, राजेश के घर का बना आवासीय पट्टा

**बढ़ता राजस्थान**

**टोंक, (का.स.)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शनिवार को तहसील टोंक के ग्राम पंचायत गोपालपुरा में शिविर आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप इन शिविरों में आने वाले अधिकाधिक नागरिकों को मौके पर ही लाभ दिया जा रहा है।शिविर के दौरान परिवादी महावीर ने उपस्थित होकर शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार पूजा अटल को बताया कि उसकी सह खातेदारी भूमि का राजस्व रिकॉर्ड जमाबंदी खाता संख्या 75 में दर्ज है। इसमें लगभग 25 वर्ष पहले हम सभी सह खातेदारों की जाति जाट के बजाय गुर्जर हो गई थी। इस कारण उन्हें केसीसी लेने व सरकारी योजनाओं का लाभ पाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही करते हुए शिविर प्रभारी के निर्देश पर हल्का पटवारी ने राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज गलत जाति गुर्जर को शुद्ध करते हुए जाट की । महावीर ने बताया कि वह काफी लम्बे समय से जाति शुद्धिकरण को लेकर परेशान था, लेकिन वर्तमान सरकार द्वारा जो शिविर आयोजित किये जा रहे हैं, वो आमजन के लिये लाभकारी है।इसी तरह तहसील उनियारा की ग्राम पंचायत गोठड़ा में आयोजित शिविर के दौरान अनेक ग्रामीणों को मौके पर ही लाभ दिया गया। शिविर के दौरान एक परिवार को आवासीय पट्टा मिला। शिविर में राजेश कुम्हार ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया कि जिस स्थान पर हमारा परिवार निवास कर रहा है, उस आवासीय भूखण्ड का पट्टा नहीं होने के कारण राजकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। शिविर के दौरान शिविर प्रभारी ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए राजेश को मौके पर ही आवासीय पट्टा उपलब्ध करवा दिया।





प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - बीकानेर

–:: समाचार कतरन – 06 जुलाई, 2025 ::–

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्तोदय संबल पखवाड़ा में नाल में शिविर आयोजित



नाल। नाल पंचायत में आयोजित शनिवार को एक दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्तोदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत शिविर में कुणाल राहड़ उपखंड अधिकारी, बीकानेर की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस अवसर पर कुणाल राहड़ ने उपस्थित ग्रामीणों को राज्य सरकार की जन कल्याण कारी योजनाओं का इस शिविर में ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने का आवाहन किया, उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान नामांतरण के प्रकरण 29+8, रास्ता प्रकरण 2, बंटवारा प्रकरण 4, सीमागान 3, विद्युत पोल 1 सही, ओर एक लंबित, पीएचईडी के लीकेज मरमत 5 आवेदन प्राप्त उसमें से तीन का निस्तारण हुआ, नहरी छेत्र में तारबंदी दो आवेदन प्राप्त एक का निस्तारण, पंचायती राज हरियालो राजस्थान में चार सो दस पौधे, मनरेगा के पूर्ण कार्य 15, मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण 21, सूक्ष्म सिंचाई योजना पांच आवेदन प्राप्त हुवे। पौधा वितरण 2200, लगाए गया ग्यारह सो पचास, के कार्य सम्पन्न हुवे। शिविर में चिकित्सा, शिक्षा, जलप्रदाय योजना, सड़क, नहरी क्षेत्र, पुलिस सहित कई विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों ने उपस्थित रहकर पूरे दिन ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदनों का निपटारा करवाया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार भवानी शंकर, नाल थाने के एएसआई सुभाष यादव, ग्राम विकास अधिकारी संजीव कुमार शर्मा, हल्का पटवारी संदीप पुरोहित, हवलदार श्रवण कुमार, मगाराम कनिष्ठ सहायक, बिश्नोई, सरपंच प्रतिनिधि सुरजाराम मेघवाल, समाज सेवी मोहन सिंह, दिलीप सिंह, पूर्व वार्ड पंच ओमप्रकाश सोनी, बिरजूराम मेघवाल, बलवीर सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने सक्रिय सहयोग किया। वहीं ग्रामीणों ने पिछले पांच दिनों से गांव में पीने के पानी की नियमित सप्लाई नहीं होने पर शिविर प्रभारी से मिल कर कार्यवाही करने की मांग पर प्रभारी ने अधिकारियों को तुरंत व्यवस्था सुचारु करने के निर्देश दिए।

दैनिक भास्कर

बीकानेर ज़िला 06-07-2025

# गीगासर में एक ही परिवार के 39 सदस्यों की संयुक्त खातेदारी भूमि का हुआ विभाजन

भास्कर न्यूज़ | नापासर


बीकानेर पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत कालासर, गीगासर, दाऊदसर में शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अभियान के तहत एक दिवसीय शिविर लगे।

कालासर ग्राम पंचायत में लगे शिविर में तहसीलदार राजकुमारी बिश्नोई, बीडीओ मुकेश आहूजा, सहायक विकास अधिकारी चुन्नीलाल धर्ट, सरपंच पूनम देवी गोदारा, सरपंच प्रतिनिधि रामलक्ष्मण गोदारा, ग्राम विकास अधिकारी अशोक खीचड़ पहुंचे। रामलक्ष्मण गोदारा और अशोक खीचड़ ने शिविर के दौरान ग्रामीणों के कार्य करवाए। गीगासर ग्राम पंचायत में उपखंड अधिकारी कुणाल राहड़, नायब तहसीलदार रमेश शर्मा, सहायक विकास अधिकारी धर्मचंद धर्ट, ग्राम विकास अधिकारी मंजू पंवार, सरपंच अर्जुनराम मेघवाल, कनिष्ठ सहायक कमल बांठिया उपस्थित रहे। शिविर में एक ही परिवार के 39 सदस्यों की संयुक्त खातेदारी भूमि का विभाजन मौके पर ही किया गया।

दाऊदसर ग्राम पंचायत के शिविर में तहसीलदार राजकुमारी बिश्नोई, बीडीओ मुकेश आहूजा, सरपंच कनेजा, सरपंच प्रतिनिधि शफी मोहम्मद, ग्राम विकास अधिकारी किशन लाल स्वामी मौजूद रहे। यहां पेंशन सत्यापन सहित कई योजनाओं से जुड़े कार्य पूर्ण किए गए।

खाजूवाला ग्रामीण. ग्राम पंचायत 17 केवाईडी और ग्राम पंचायत 22 केवाईडी में शनिवार को संबल पखवाड़े के तहत शिविर लगे। दोनों शिविर खाजूवाला उपखंड अधिकारी रमेश कुमार की अध्यक्षता में लगे। शिविर प्रभारी खाजूवाला तहसीलदार कमलेश सिंह मलेरिया ने बताया कि 22 केवाईडी व 17 केवाईडी दोनों जगह संबंधित विभाग के अधिकारियों ने आमजन की समस्याओं को सुनकर समाधान किया। इस दौरान पंस. खाजूवाला के बीडीओ कृष्ण कुमार चावला, नायब तहसीलदार मोहनलाल खावा, ग्राम पंचायत 17 केवाईडी की सरपंच उर्मिला सुरेंद्र सींवर, 22 केवाईडी की सरपंच संजना प्यारेलाल काला आदि उपस्थित थे।

नाल. ग्राम पंचायत नाल में लगे



नापासर. कालासर में लगे शिविर में पहुंचे ग्रामीण।

शिविर में उपखंड अधिकारी कुणाल राहड़, सहायक विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार स्वामी, सरपंच तुलछा देवी, सरपंच प्रतिनिधि सुरजा राम, ग्राम विकास अधिकारी संजीव कुमार शर्मा और संदीप पुरोहित पटवारी, हरिनारायण सिंह भू अभिलेख निरीक्षक, चंद्र मोहन पुरोहित कृषि पर्यवेक्षक आदि शामिल हुए। इस अवसर पर मोहन सिंह, दलीप सिंह, बिरजू राम, पूर्व सरपंच श्रीराम रामावत, अजय व्यास, उपसरपंच बीरबल सिंह आदि ने ग्रामीणों के काम करवाए।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# केंद्रीय मंत्री मेघवाल और खाद्य मंत्री गोदारा ने रामबाग में आयोजित शिविर का किया निरीक्षण

बुलंद राजस्थान

**बीकानेर।** केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल तथा खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने शनिवार को लूणकरणसर विधानसभा क्षेत्र की रामबाग ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया और ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को विभिन्न स्वीकृति पत्र सौंपे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय कि अंत्योदय की संकल्पना को साकार करने में यह शिविर महत्वपूर्ण साबित होंगे। उन्होंने कहा कि अभियान से जुड़े सभी विभागीय अधिकारी अतिरिक्त संवेदनशीलता से कार्य करते हुए ग्रामीणों को इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाएं। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने कहा कि गांव में आयोजित होने वाले इन शिवरों से लाखों लोगों को लाभ हुआ है। आमजन के वर्षो से अटके हुए कार्य अधिकारी उनके बीच पहुंच कर करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिविरों से अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को संबल मिल रहा है। इस दौरान मेघवाल और गोदारा ने विभिन्न विभागों की स्टॉल्स का निरीक्षण किया तथा उनके द्वारा शिविर में किया जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए आवश्यक फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि बचे हुए दिनों में अधिकारी, अधिक गंभीरता से कार्य करते हुए आमजन को राहत देने के प्रयास करें।



# केन्द्रीय मंत्री मेघवाल और खाद्य आपूर्ति मंत्री गोदारा ने किया राहत कि शिविरों का लाभ उठाने का आव्हान



कामयाब कलम रिपोर्टर।

**बीकानेर।** केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल तथा खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने शनिवार को लूणकरणसर विधानसभा क्षेत्र की रामबाग ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान दोनो मंत्रियों ने ग्रामीणों से राहत के शिविरों का लाभ उठाने का आव्हान कर मौके पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया और ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को विभिन्न स्वीकृति पत्र सौंपे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय कि अंत्योदय की संकल्पना को साकार करने में यह शिविर महत्वपूर्ण साबित होंगे। उन्होंने कहा कि अभियान से जुड़े सभी विभागीय अधिकारी अतिरिक्त संवेदनशीलता से कार्य करते हुए ग्रामीणों को इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाएं। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने कहा कि गांव गांव में आयोजित होने वाले इन शिवरों से लाखों लोगों को लाभ हुआ है। आमजन के वर्षों से अटके हुए कार्य अधिकारी उनके बीच पहुंच कर करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिविरों से अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को संबल मिल रहा है। इस दौरान मेघवाल और गोदारा ने विभिन्न विभागों की स्टॉल्स का निरीक्षण किया तथा उनके द्वारा शिविर में किया जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए आवश्यक फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि बचे हुए दिनों में अधिकारी, अधिक गंभीरता से कार्य करते हुए आमजन को राहत देने के प्रयास करें।

## लुधियाना से आकर करवाया खाता विभाजन

इधर, राज्य सरकार की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित किये जा रहे कि शिविर जरूरतमंदों के लिये राहतकारी साबित हो रहे हैं। शनिवार को भाणेका गांव में आयोजित शिविर में लुधियाना निवासी ओंकार सिंह, हरदीप सिंह, हरनेक सिंह, हरबंस सिंह पिसरान लखबीर सिंह ने लाड खां उर्फ नया गांव स्थित संयुक्त खाता कृषि भूमि का खाता विभाजन करने का आवेदन किया। शिविर प्रभारी के आदेश पर मामला दर्ज कर तत्काल कार्यवाही शुरू हुई। पटवारी ने भाणेका गांव से मौके और राजस्व रिकॉर्ड की रिपोर्ट ली। इस दौरान मजमे-आम में पूछताछ की गई और सभी औपचारिकताओं के बाद खाता विभाजन कर दिया गया खाता विभाजन कर इसके आदेश लाभार्थियों को सौंपे गए। हरदीप सिंह ने बताया कि वर्तमान में वे लुधियाना में निवास कर रहे हैं तथा इस कार्य के लिए बार-बार यहां नहीं आ सकते थे। शिविर की जानकारी मिली तो यहां आकर एक दिन में अपना काम करवाया। उन्होंने शिविर आयोजन के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया।

## पशुपालक के घर पहुंच दो सौ भेड़ों के लगाए टीके

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शनिवार को दाउदसर में आयोजित शिविर के दौरान पशुपालक भवरु खान ने अपनी भेड़ों के टीकाकरण करवाने के लिए कहा। उसने बताया कि उसके पास दो सौ भेड़ है। सभी को शिविर में लाना संभव नहीं है। यदि विभाग द्वारा उसके घर में टीके लगवा दिए जाएं, तो उसे बड़ा लाभ होगा। शिविर प्रभारी नद इसे गंभीरता से लेते हुए पशुपालन विभाग के अधिकारियों को पशुपालक के घर जाकर उसके समस्त पशुओं को टीकाकरण के निर्देश दिए। तीन में शिविर के दौरान ही सभी पशुओं के टीके लगाकर उन्हें सुरक्षा चक्र प्रदान किया।

## अब योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे तीन भाई

शनिवार को सुडसर में आयोजित शिविर में मालाराम, रतिराम और राजू राम पुत्र भैराराम उपस्थित हुए और अपनी संयुक्त खातेदारी भूमि का सहमति से विभाजन करने की मंशा प्रकट की। तहसीलदार के निर्देश पर गिरदावर और पटवारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौका रिकॉर्ड और सहमति के अनुसार विभाजन प्रस्ताव तैयार किया। जिसकी सहमति आदेश शिविर के दौरान जारी कर दिए गए। तीनों भाइयों ने राज्य सरकार का आभार जताते हुए कहा कि इतनी आसानी से उनका काम हो गया। अब अब बैंक से लोन और सहकारी संस्थाओं से लाभ लेने सहित अन्य कार्यों में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

## दोनों मंत्रियों ने किया विकास कार्यों का शिलान्यास-लोकार्पण



केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल तथा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने शनिवार को लूणकरणसर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। दोनों मंत्रियों ने महाजन में 132 केवी जीएसएस का शिलान्यास किया तथा महाजन से सुई तक पीएमजीएस योजना के तहत 19 करोड़ 97 लाख 44 हजार रुपए की लागत से नवनिर्मित 27 किलोमीटर सड़क का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच की बदौलत आज देश में सड़क तंत्र के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। आज गांव-गांव और ढाणियों को सड़कों से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस 27 किलोमीटर लंबी सड़क से स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी। आवागम सुलभ होगा। खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने लूणकरणसर क्षेत्र को अनेक सौगातें दी हैं। आज क्षेत्र में पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में अनेक कार्य हो रहे हैं, जो आमजन के लिए बेहद लाभदायक सिद्ध होंगे।

## आज इन ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे शिविर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत रविवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बीकानेर के केसरदेसर जाटान, जयमलसर, डांडूसर व रूणिया बड़ाबास एवं नोखा के रासीसर बड़ाबास, पारवा, रासीसर पुरोहितान, माडिया व सलूण्डिया ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के बीमा पत्र किए जारी

शनिवार को भाणेका गांव में आयोजित शिविर में पशुपालकों ने सर्वाधिक लाभ उठाया। मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत 15 पशुओं के बीमा पत्र जारी किए गया खीयाराम ने पशुओं के बीमा प्रमाण पत्र जारी करवाया वहीं 620 पशुओं का निशुल्क टीकाकरण, 60 पशुओं में लंगड़ा बुखार और 200 में लंबी से बचाव के टीके लगाए गए। साथ ही पशु पोषण, कृत्रिम गर्भाधान, उन्नत नस्ल सुधार आदि सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

## गीगासर के शिविर में 39 संयुक खातेदारों को मिली राहत

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शनिवार को गीगासर में आयोजित शिविर 39 खातेदारों के लिए बड़ी राहत लाया। सिविल स्थल पर एक साथ पहुंचे 39 खातेदारों ने बताया कि आजादी के बाद पहली बार उनके संयुक्त खाते का विभाजन आपसी सहमति के आधार पर हुआ है। उन्होंने बताया कि इतनी बड़ी संख्या में खातेदार होने के कारण उन्हें यह कार्य बेहद पेचीदा लगता था। लेकिन सरकार के निर्देश पर आयोजित इन शिविर में मौजूद अधिकारियों ने इस कार्य को आसानी से अंजाम तक पहुंचा दिया। चुटकियों में काम होने से उनके चेहरे की खुशी देखने लायक थी। उपखंड अधिकारी कुणाल राहड़ ने विभाजन का आदेश पत्र सौंपा तो सभी ने मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा का इन शिविरों के लिए आभार जताया। उन्होंने बताया कि अब भी सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ ले सकेंगे।

## शेरपुरा में करोड़ों रुपए के कार्य आमजन की किए समर्पित

दोनों मंत्रियों ने शेरपुरा में सार्वजनिक श्मशान भूमि पर 6 लाख रुपए की लागत से सांसद निधि से नवनिर्मित चार दिवारी का लोकार्पण तथा एक करोड़ 43 लाख रुपए की लागत से बनने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किया। शेरपुरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 30 लाख 25 हजार रुपए की लागत से नवनिर्मित चार कक्षा कक्षों, 25 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित लाइब्रेरी का लोकार्पण और 4 करोड़ 51 लाख रुपए की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। वहीं ढाणी जिला में 55 लाख रुपए की लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास तथा राजस्थान ग्रामीण बैंक का लोकार्पण किया। इस दौरान श्याम पंचारिया, लूणकरणसर पंचायत समिति प्रधान कानाराम गोदारा, उपखंड अधिकारी दयानंद रुपल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि और अधिकारी साथ रहे।

पत्रिका

# अंत्योदय संबल पखवाड़ा के शिविर आज यहां

बीकानेर @ पत्रिका. पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत रविवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। बीकानेर के केसरदेसर जाटान, जयमलसर, डाडूसर व रूणिया बड़ाबास एवं नोखा के रासीसर बड़ाबास, पारवा, रासीसर पुरोहितान, माडिया व सलूण्डिया ग्राम पंचायतों में शिविर रहेंगे।

06/07/2025 | Bikaner City |
Page : 15
Source :
https://epaper.patrika.com/

पत्रिका

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा, केन्द्रीय मंत्री ने शिविर का अवलोकन किया

# अन्त्योदय की भावना से काम कर रही सरकार

**लूणकरनसर. महाजन @ पत्रिका.** यहां रामबाग पंचायत मुख्यालय पर शनिवार को आयोजित पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर का केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल व प्रदेश के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने अवलोकन कर जायजा लिया।

केन्द्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा कि सरकार अन्त्योदय की भावना से काम कर रही है तथा ऐसे शिविरों का ग्रामीणों को बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाकर फायदा उठाना चाहिए। इस मौके पर खाद्य मंत्री गोदारा ने खाद्य सुरक्षा सूची में नवीन समावेशित राशन कार्ड धारकों, ब्लॉक में गिवअप अभियान की प्रगति, शिविर में किए जाने वाले कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। रसद विभाग के प्रवर्तन अधिकारी मनीष अवस्थी ने विभागीय कार्यों के बारे में अवगत करवाया। शिविर में प्रधान कानाराम गोदारा, उपखण्ड अधिकारी दयानंद रूयल, राजस्व तहसीलदार विनोद कुमार पूनियां, उप तहसीलदार सुन्दरपाल गोदारा, पुलिस वृताधिकारी नरेन्द्र पूनियां, सरपंच गोमती देवी गोदारा, नेतराम गोदारा, गंगाराम छींपा समेत विभिन्न विभागों के विभागीय अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री मेघवाल व कैबिनेट मंत्री गोदारा ने हरियालो राजस्थान के तहत मां के नाम एक पौधा भी लगाया। शिविर के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर निपटारा किया गया तथा लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।


रामबाग में शिविर का अवलोकन करते केन्द्रीय मंत्री मेघवाल व खाद्य मंत्री गोदारा।

**नाल.** ग्राम पंचायत में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर उपखण्ड अधिकारी कुणाल राहड़ की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इसमें राहड़ ने ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। शिविर में नामांतरण, रास्ता प्रकरण, बटवारा प्रकरण, सीमाज्ञान सहित अन्य समस्याओं का निस्तारण हुआ। इस अवसर पर नायब तहसीलदार भवानीशंकर, एएसआई सुभाष यादव, ग्राम विकास अधिकारी संजीव कुमार शर्मा, हल्का पटवारी संदीप पुरोहित, हवलदार श्रवण कुमार बिश्नोई, सुरजाराम मेघवाल, समाजसेवी मोहनसिंह, दिलीप सिंह, बिरजूराम मेघवाल, बलवीर सिंह आदि ने शिविर में सक्रिय सहयोग किया।

## शिविरों में मिली राहत

**श्रीकोलायत.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत टोकला, भाणेका गांव और अन्य क्षेत्रों में ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गई और मौके पर ही समस्या का समाधान किया गया। टोकला में अखेसिंह, केसरसिंह, गोविंदसिंह व मूलसिंह ने कृषि भूमि में पिता के नाम की शुद्धि के लिए आवेदन किया गया। शिविर प्रभारी राजेश कुमार नायक की निगरानी में राजस्व टीम ने त्वरित जांच के बाद नाम शुद्धि आदेश प्रदान किया गया। भाणेका गांव शिविर में ओंकार सिंह, हरदीप सिंह, हरनेक सिंह व हरबंश सिंह की कृषि भूमि के खाता विभाजन की मांग पर राजस्व रिकॉर्ड की पुष्टि के बाद आदेश जारी किया गया।

06/07/2025 | Bikaner Zila | Page : 9
Source : https://epaper.patrika.com/

पत्रिका

# अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर आज यहां लगेंगे

बीकानेर @ पत्रिका. पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत रविवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। बीकानेर के केसरदेसर जाटान, जयमलसर, डांडूसर व रूणिया बड़ाबास एवं नोखा के रासीसर बड़ाबास, पारवा, रासीसर पुरोहितान, माडिया व सलूण्डिया ग्राम पंचायतों में शिविर रहेंगे। ग्रामीणों ने इन शिविर का फायदा लेने की अपील की गई है।

06/07/2025 | Bikaner Zila | Page : 9

Source : https://epaper.patrika.com/

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# केंद्रीय मंत्री मेघवाल और खाद्य मंत्री गोदारा ने रामबाग में आयोजित शिविर का किया निरीक्षण

बुलंद राजस्थान

**बीकानेर।** केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल तथा खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने शनिवार को लूणकरणसर विधानसभा क्षेत्र की रामबाग ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया और ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को विभिन्न स्वीकृति पत्र सौंपे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय कि अंत्योदय की संकल्पना को साकार करने में यह शिविर महत्वपूर्ण साबित होंगे। उन्होंने कहा कि अभियान से जुड़े सभी विभागीय अधिकारी अतिरिक्त संवेदनशीलता से कार्य करते हुए ग्रामीणों को इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाएं। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने कहा कि गांव गांव में आयोजित होने वाले इन शिविरों से लाखों लोगों को लाभ हुआ है। आमजन के वर्षों से अटके हुए कार्य अधिकारी उनके बीच पहुंच कर करवा रहे है। उन्होंने कहा कि शिविरों से अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को संबल मिल रहा है। इस दौरान मेघवाल और गोदारा ने विभिन्न विभागों की स्टॉल्स का निरीक्षण किया तथा उनके द्वारा शिविर में किया जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए आवश्यक फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि बचे हुए दिनों में अधिकारी, अधिक गंभीरता से कार्य करते हुए आमजन को राहत देने के प्रयास करें।



# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# केंद्रीय मंत्री मेघवाल और खाद्य मंत्री गोदारा ने रामबाग में आयोजित शिविर का किया निरीक्षण



लूणकरनसर (रायसिंह राव)। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल तथा खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने शनिवार को लूणकरणसर विधानसभा क्षेत्र की रामबाग ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया और ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को विभिन्न स्वीकृति पत्र सौंपे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय कि अंत्योदय की संकल्पना को साकार करने में यह शिविर महत्वपूर्ण साबित होंगे। उन्होंने कहा कि अभियान से जुड़े सभी विभागीय अधिकारी अतिरिक्त संवेदनशीलता से कार्य करते हुए ग्रामीणों को इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाएं।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने कहा कि गांव गांव में आयोजित होने वाले इन शिवरों से लाखों लोगों को लाभ हुआ है। आमजन के वर्षों से अटके हुए कार्य अधिकारी उनके बीच पहुंच कर करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिविरों से अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को संबल मिल रहा है। इस दौरान मेघवाल और गोदारा ने विभिन्न विभागों की स्टॉल्स का निरीक्षण किया तथा उनके द्वारा शिविर में किया जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए आवश्यक फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि बचे हुए दिनों में अधिकारी, अधिक गंभीरता से कार्य करते हुए आमजन को राहत देने के प्रयास करें।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

## आज रविवार को विभिन्न स्थानों पर होंगे शिविर

**NEXT | श्रीडूंगरगढ़**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आज रविवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बीकानेर के केसरदेसर जाटान, जयमलसर, डांडूसर व रूणिया बड़ाबास एवं नोखा के रासीसर बड़ाबास, पारवा, रासीसर पुरोहितान, माडिया व सलूण्डिया ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

QR कोड को गूगल से स्कैन करें।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - सलूंबर

–:: समाचार कतरन – 06 जुलाई, 2025 ::–

पत्रिका

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# योजनाओं से आमजन हुए लाभान्वित










पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सलूम्बर.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ढाईखेड़ा में आयोजित शिविर का जिला कलक्टर अवधेश मीना ने निरीक्षण किया और आमजन के कार्यों को प्राथमिकता से करने के लिए निर्देश दिए। शिविर में आए आमजन के विभिन्न परिवादों का त्वरित निस्तारण भी करवाया। शिविर में विभिन्न विभागों के काउंटर पर जाकर किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित कार्मिकों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से भी विभिन्न योजनाओं के तहत मिल रहे लाभ के बारे में जाना। शिविर में खाद्य सुरक्षा योजना के तहत पात्र लाभार्थियों की ई-केवाईसी करवाने, अधिक से अधिक संख्या में मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी करने, खाद्य सुरक्षा योजना से अपात्र लोगों से स्वेच्छा से नाम हटवाने, मंगला पशु बीमा योजना के तहत बीमा करवाने सहित राजस्व विभाग से संबंधित ग्रामीणों के सीमा ज्ञान, पत्थरगढ़ी, बंटवारा, नाम शुद्धिकरण आदि कार्य करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार रामजीलाल गुर्जर, बीडीओ मांगू सिंह, सरपंच रतनी मीणा सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

**कालीभीत.** स्थानीय ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़े के तहत शिविर का आयोजन प्रशासक भगुडी देवी मीणा की अध्यक्षता में हुआ। शिविर प्रभारी व विकास अधिकारी मांगू सिंह मीणा ने बताया कि शिविर में पशुपालन विभाग, वन विभाग, जनजाति विभाग, महिला बाल विकास योजना विभाग, राजस्व विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पंचायतीराज विभाग सहित सभी विभागों के कार्य किए गए। इस दौरान विद्युत निगम के सहायक अभियंता अजय कुमार आसवानी, सरपंच प्रतिनिधि नाथूलाल मीणा, पीईईओ महेश कुमार मेघवाल, व्याख्याता मीठालाल, पंचायतीराज विभाग से ग्राम विकास अधिकारी सुरेश अहीर, वरिष्ठ सहायक औंकारलाल मेनारिया, लक्ष्मण मीणा, उदयलाल मीणा, कंप्यूटर ऑपरेटर नंदलाल मीणा, राधा मीणा आदि मौजूद रहे।

**गींगला.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत माकड़सीमा ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन हुआ। जिसका देहात जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी एवं भाजपा मेवल मंडल अध्यक्ष नाहर सिंह राठौड़ ने निरीक्षण किया। मौके पर कुछ विभागों की टेबलों पर अधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई और जिला कलक्टर अवधेश मीणा को अवगत कराया। दोपहर 1 बजे तक शिक्षा विभाग, जनजाति क्षेत्रीय विभाग, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग, विद्युत विभाग, जल संसाधन विभाग, वन विभाग के अधिकारी नदारद पाए गए। कलक्टर ने तत्काल विकास अधिकारी जितेंद्र सिंह चुण्डावत, नायब तहसीलदार हरिप्रकाश मीणा को शिविर के निरीक्षण के लिए भेजा। अधिकारियों के आने के बाद में 2.30 बजे के करीब विभाग के प्रतिनिधि आए। विकास अधिकारी चुण्डावत ने शिविर उपस्थिति रजिस्टर में उपस्थित कर्मचारियों का फिजिकल वेरिफिकेशन किया और सभी विभागों को शिविर के प्रति गंभीरता रखने और लापरवाही नहीं बरतने के लिए निर्देश दिए।

06/07/2025 | Udaipur Zila | Page : 9
Source : https://epaper.patrika.com/

# दैनिक नवज्योति

aas pas - 06 Jul 2025 - Page 8

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा

## कलक्टर ने किया ढाईखेड़ा शिविर का निरीक्षण

**नवज्योति, सलूंबर।** पंडित दीनदयान उपाध्याय सम्बल पखवाड़ा के ढाईखेड़ा में आयोजित शिविर का कलक्टर अवधेश मीना ने निरीक्षण कर आमजन के कार्यों को प्राथमिकता से करने के लिए निर्देश प्रदान किए। उन्होंने शिविर में आये आमजन के विभिन्न परिवादों का त्वरित निस्तारण भी करवाया। इस दौरान उन्होंने शिविर में विभिन्न विभागों के काउन्टर पर जाकर किए गए कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने वहां उपस्थित लोगो से भी विभिन्न योजनाओं के तहत मिल रहे लाभ के बारे में जाना। इस दौरान उन्होंने शिविर में खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थियों की ईकेवाईसी करवाने, अधिक से अधिक संख्या में मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी करने, खाद्य सुरक्षा योजना से अपात्र लोगों से स्वैच्छा से नाम हटवाने, मंगला पशु बीमा योजना के तहत बीमा करवाने सहित राजस्व विभाग से संबंधित ग्रामीणों के सीमा ज्ञान, पत्थरगढ़ी, बंटवारा, नाम शुद्धीकरण आदि कार्य करवाने के निर्देश दिए। शिविर के निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने उपस्थित ग्रामीणों की विभिन्न समस्याएं सुनी तथा उनके निस्तारण के संबंध में स्थानीय तहसीलदार, विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार रामजी लाल गुर्जर, बीडीओ मांगू सिंह, सरपंच रतनी मीणा सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

दैनिक नवज्योति
aas pas - 06 Jul 2025 - Page 8

# जनकल्याणकारी शिविर

नवज्योति, कालीभीत। स्थानीय ग्राम पंचायत के राजीव गांधी सेवा केंद्र पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़े के तहत एक दिवसीय जनकल्याणकारी शिविर का आयोजन प्रशासक भगुड़ी देवी मीणा की अध्यक्षता में किया गया। शिविर प्रभारी विकास अधिकारी मांगू सिंह मीणा ने बताया कि शिविर में सभी विभागों के कार्य किए गए। इस दौरान विद्युत निगम के सहायक अभियंता अजय कुमार आसवानी, नाथूलाल मीणा, पीईईओ महेश कुमार मेघवाल, व्याख्याता मीठालाल, पंचायती राज विभाग से ग्राम विकास अधिकारी सुरेश अहीर, वरिष्ठ सहायक ओंकार लाल मेनारिया, लक्ष्मण मीणा, उदय लाल मीणा आदि मौजद रहे।

दैनिक नवज्योति
aas pas - 06 Jul 2025 - Page 8

# शिविर में अधिकारी नदारद, खाली टेबलों को देख भाजपा पदाधिकारियों ने जताई नाराजगी



**नवज्योति, सलूंबर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर के अंतर्गत भाजपा देहात जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी एवं भाजपा मेवल मंडल अध्यक्ष नाहर सिंह राठौड़ द्वारा माकड़सिमा ग्राम पंचायत में लगे शिविर का निरक्षण किया गया। यहां मंडल अध्यक्ष नाहर सिंह राठौड़ ने विभिन्न विभागों द्वारा दिए लक्ष्यों और निस्तारित किए गए प्रकरणों, प्रतिवेदन आदि के बारे में जानकारी ली। ग्राम पंचायत सरपंच केशुलाल मीणा, उप सरपंच नाथूलाल पटेल, मंडल मंत्री त्रिभुवन सिंह एवं सचिव द्वारा अतिथियों का उपराणा ओर तिलक लगा कर स्वागत किया गया। शिविर में दोपहर 1 बजे ही कुछ विभागों की टेबलों पर अधिकारियों की अनुपस्थिति पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नाहर सिंह राठौड़, जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर ने शिविर प्रभारी के समक्ष नाराजगी जताई और कलक्टर अवधेश मीणा को अवगत कराया। बताया गया कि शिविर में दोपहर 1 बजे तक शिक्षा विभाग, जनजाति क्षेत्रीय विभाग, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग, विद्युत निगम, जल संसाधन विभाग, वन विभाग के अधिकारी नदारद पाए गए। कलक्टर अवधेश मीणा ने तत्काल विकास अधिकारी जितेंद्र सिंह चुंडावत, नायब तहसीलदार हरिप्रकाश मीणा को शिविर निरक्षण के लिए भेजा। इन दोनों अधिकारियों के आने के बाद में 2:30 बजे के करीब शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग और वन विभाग के प्रतिनिधि आए। विकास अधिकारी जितेंद्रसिंह चूंडावत ने शिविर उपस्थिति रजिस्टर में उपस्थित कर्मचारियों का फिजिकल वेरिफिकेशन किया ओर सभी विभागों को शिविर के प्रति गंभीरता रखने ओर लापरवाही नहीं बरतने के लिए निर्देशित किया। शिविर में राजस्व विभाग, पंचायती राज विभाग, पशुपालन विभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने पर विभागीय अधिकारियों का अभिनंदन किया गया।

दैनिक भास्कर

उदयपुर जिला 06-07-2025

### सलूंबर के माकड़सीमा पंचायत में लगा था शिविर, 2.30 बजे बाद पहुंचे अधिकारी

# शिविर से अधिकारी रहे गायब, खाली टेबलों को देख भाजपा पदाधिकारियों ने जताई नाराजगी

भास्कर न्यूज | सलूंबर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन माकड़सीमा ग्राम पंचायत में हुआ। शिविर का निरीक्षण भाजपा देहात जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी और भाजपा मेवल मंडल अध्यक्ष नाहर सिंह राठौड़ ने किया। दोपहर 1 बजे तक कई विभागों के अधिकारी शिविर में मौजूद नहीं थे। शिक्षा विभाग, जनजाति क्षेत्रीय विभाग, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग, विद्युत विभाग, जल संसाधन विभाग और वन विभाग के अधिकारी नदारद मिले। इस पर भाजपा नेताओं ने शिविर प्रभारी के सामने नाराजगी जताई। कलेक्टर अवधेश मीणा को भी जानकारी दी। कलेक्टर ने तुरंत विकास अधिकारी जितेंद्र सिंह चुंडावत और नायब तहसीलदार हरिप्रकाश मीणा को शिविर भेजा। दोनों अधिकारियों के पहुंचने के बाद करीब 2:30 बजे शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग और वन विभाग के प्रतिनिधि शिविर में पहुंचे। विकास अधिकारी ने उपस्थिति रजिस्टर में मौजूद कर्मचारियों का फिजिकल वेरिफिकेशन किया। सभी विभागों को शिविर के प्रति गंभीर रहने और लापरवाही नहीं करने के निर्देश दिए।

### भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा, 5 दिन में हो समस्या का समाधान



जल संसाधन विभाग, विद्युत विभाग के अधिकारी शिविर समापन तक भी नहीं पहुंचे, जबकि शिकायतें इन्हीं विभागों की ग्रामीणों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा की गई। ग्राम पंचायत के जांबुड़ा के ग्रामीणों ने कहा कि नल से जलापूर्ति नहीं हो रही। पेयजल आपूर्ति के लिए बने कुएं में बारिश का गंदा पानी जा रहा है। विभाग को एक माह से सूचना दी जा रही है, लेकिन विभाग ने आंखें मूंद रखी है। वहीं माकड़सीमा में आबादी से विद्युत विभाग की एलटी लाइन को हटवाने कई बार सरपंच और ग्रामीणों ले मांग की, लेकिन ध्यान नहीं दिया जा रहा। इस पर मंडल अध्यक्ष नाहर सिंह राठौड़ ने विभागीय अधिकारियों को पांच दिन में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने को कहा।

*मुख्यमंत्री ने अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए इन शिविरों को गंभीरता से लेने के लिए निर्देशित किया है। इसमें लापरवाही और गैर जिम्मेदारी स्वीकार्य नहीं हो सकती।*
*- चंद्रशेखर जोशी, जिला उपाध्यक्ष, भाजपा उदयपुर देहात*

*सुबह के समय तो सभी अधिकारी शिविर में मौजूद थे। दोपहर में नहीं होने की जानकारी आई थी। अगर अधिकारी शिविर छोड़कर जाना पाया गया है तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।*
*- अवधेश मीना, कलेक्टर, सलूंबर*

# ढाईखेड़ा शिविर में कलक्टर ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**सलूंबर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत ढाईखेड़ा में लगे शिविर का शुक्रवार को जिला कलक्टर अवधेश मीना ने निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और तुरंत समाधान के निर्देश दिए। कलक्टर ने कहा कि सरकार का उद्देश्य पात्र और वंचित परिवारों को राहत देना है। निरीक्षण के दौरान कलक्टर ने विभिन्न विभागों के काउंटरों पर जाकर कार्यों की समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन को अधिक से अधिक लाभ मिले। उन्होंने ग्रामीणों से योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी भी ली। कलक्टर ने खाद्य सुरक्षा योजना के पात्र लाभार्थियों की ई-केवाईसी करवाने, अधिक मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी करने, अपात्र लोगों से योजना में नाम हटवाने, मंगला पशु बीमा योजना के तहत बीमा करवाने के निर्देश दिए। साथ ही राजस्व विभाग से जुड़े सीमा ज्ञान, पत्थरगड़ी, बंटवारा, नाम शुद्धीकरण जैसे कार्य भी प्राथमिकता से करने को कहा।शिविर में तहसीलदार रामजी लाल गुर्जर, बीडीओ मांगू सिंह, सरपंच रतनी मीणा सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# जिला कलक्टर अवधेश मीना ने किया ढाईखेड़ा शिविर का निरीक्षण



**■ सच बेखौफ**

सलूंबर। पंडित दीनदयान उपाध्याय सम्बल पखवाड़ा के ढाईखेड़ा में आयोजित शिविर का जिला कलक्टर अवधेश मीना द्वारा निरीक्षण कर आमजन के कार्यों को प्राथमिकता से करने के लिए निर्देश प्रदान किए। उन्होंने शिविर में आये आमजन के विभिन्न परिवादों का त्वरित निस्तारण भी करवाया। इस दौरान उन्होंने शिविर में विभिन्न विभागों के काउन्टर पर जाकर किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित कार्मिकों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए और आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने वहां उपस्थित लोगो से भी विभिन्न योजनाओं के तहत मिल रहे लाभ के बारे में जाना। इस दौरान उन्होंने शिविर में खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थियों की ईकेवाईसी करवाने, अधिक से अधिक संख्या में मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी करने, खाद्य सुरक्षा योजना से अपात्र लोगों से स्वैच्छा से नाम हटवाने, मंगला पशु बीमा योजना के तहत बीमा करवाने सहित राजस्व विभाग से संबंधित ग्रामीणों के सीमा ज्ञान, पत्थरगढ़ी, बंटवारा, नाम शुद्धीकरण आदि कार्य करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पात्र वंचित परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित विभिन्न विभागों द्वारा कार्य करवाए जा रहे है। शिविर के निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने उपस्थित ग्रामीणों की विभिन्न समस्याएं सुनी तथा उनके निस्तारण के संबंध में स्थानीय तहसीलदार, विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार रामजी लाल गुर्जर, बीडीओ मांगू सिंह, सरपंच रतनी मीणा सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# ढाईखेड़ा शिविर का जिला कलेक्टर अवधेश मीणा ने किया निरीक्षण

## आमजन के कार्य प्राथमिकता से करने के दिए निर्देश, शिविर में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

● पदमावत मीडिया



**सलूंबर** । पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ढाईखेड़ा में आयोजित शिविर का निरीक्षण करते हुए जिला कलेक्टर अवधेश मीणा ने आमजन के कार्य प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर मौजूद ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विभागवार स्टॉलों का अवलोकन किया और मृदा स्वास्थ्य कार्ड, मंगला पशु बीमा योजना, ई-केवाईसी, खाद्य सुरक्षा योजना के तहत अपात्र नामों की स्वैच्छिक विलोपन सहित राजस्व विभाग के सीमा ज्ञान, पत्थरगड़ी, नाम शुद्धिकरण, बंटवारा जैसे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार द्वारा आयोजित अंत्योदय संबल शिविरों का उद्देश्य वंचित और पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाना है, इसलिए प्रत्येक अधिकारी इस जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार रामजी लाल गुर्जर, विकास अधिकारी मांगू सिंह, सरपंच रतनी [illegible] सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी और [illegible] संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

4



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला – बाड़मेर

# समाचार कतरन 06-07-2025

# सोमारड़ी में अंत्योदय संबल शिविर, अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने की मांग



भास्कर न्यूज़ | सेड़वा

ग्राम पंचायत सोमारड़ी में शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर आयोजित हुआ। इसी तरह जानपालिया और भंवरिया पंचायतों में भी शिविर लगे। उपखंड अधिकारी बद्रीनारायण विश्नोई ने सोमारड़ी शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में मौजूद 16 विभागों की योजनाओं और गतिविधियों की जानकारी ग्रामीणों को दी गई।

ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति में ट्रिपिंग की समस्या बताई। एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर बामडला जीएसएस पर अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की। जन सुनवाई में ग्रामीणों ने मोबाइल नेटवर्क की कमी से सरकारी कार्यों में आ रही परेशानी बताई। पंचायत मुख्यालय पर मोबाइल टावर लगाने की मांग की गई।

एसडीएम विश्नोई ने पशुपालन, आईसीडीएस, चिकित्सा, शिक्षा, वन, पंचायती राज विभाग और ई-मित्र धारकों को तय गतिविधियों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। सघन पौधरोपण और ड्रॉप आउट विद्यार्थियों का सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के निर्देश भी दिए।

शिविर में एसडीओ विश्नोई ने पौधरोपण किया। विकास अधिकारी पंचायत समिति सेड़वा मुकेश परमार, 16 विभागों के अधिकारी और सैकड़ों लाभार्थी शिविर में मौजूद रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर बना राहत

भास्करन्यूज़|बाड़मेर

ग्राम पंचायत गोदारों की बेरी में शनिवार को लगे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर ने काछबाराम के लिए राहत लेकर आई। आलेटी निवासी काछबाराम पुत्र रणछोड़राम ने तहसीलदार वीरमाराम विश्नोई और सहायक विकास अधिकारी पोकराराम के समक्ष नाम और जाति संशोधन के लिए आवेदन दिया। शिविर में तुरंत कार्यवाही कर उसका नाम और जाति संशोधन कर दिया गया। इससे उसे कृषि ऋण और अनुदान से जुड़ी सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

इसी दिन ग्राम पंचायत मीठी बेरी में रास्ता खोलो अभियान के तहत वर्षों से बंद पड़े रास्ते को खुलवाया गया। इससे सैकड़ों ग्रामीणों को राहत मिली। राजस्व विभाग की टीम ने उपखंड अधिकारी केशव कुमार मीणा के निर्देश पर ग्रामीणों के सहयोग से रास्ता खुलवाया। इस दौरान तहसीलदार नोखड़ा पारस कुमार राणा, पटवारी गिरधारी लाल और सरपंच जेठी देवी मौजूद रहे।

उपखंड अधिकारी मीणा ने लोगों से अपील की कि गुड़ामालानी और नोखड़ा क्षेत्र में कहीं भी रास्ता बंद हो तो जानकारी दें, ताकि रास्ता खोलो अभियान के तहत समाधान किया जा सके।

ग्राम पंचायत बोर चारणान में भी शनिवार को लगे शिविर में मोटाराम पुत्र हीराराम और ओमाराम पुत्र चेतनराम को राहत मिली। दोनों ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की रुकी हुई किश्तों को लेकर आवेदन दिया। शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार पीरसिंह चम्पावत ने हल्का पटवारी कुम्भसिंह से पात्रता की जांच करवाई। इसके बाद जिला कलेक्टर बाड़मेर को पत्र लिखकर संबंधित शाखा से फोन पर बात की। शाखा प्रभारी ने आवेदन को सही करने के लिए रिक्वेस्ट भेज दी। मोटाराम और ओमाराम ने कहा कि यह शिविर उनके लिए वरदान साबित हुआ। दो साल से अटका काम आज पूरा हो गया।

# अंत्योदय शिविर में पशुपालकों को बांट दी अवधिपार दवाएं, ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

भास्कर न्यूज़ | नया नगर

नया नगर में शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में पशु पालन विभाग की ओर से पशुपालकों को फंगल और अवधिपार दवाएं बांट दी। ऐसे में पशुपालकों ने रोष जताया। इस मामले को लेकर पशु सहायक जितेंद्र यादव ने कहा कि फंगल व अवधिपार दवाई को बाड़मेर भेजना था गलती से इसे शिविर में लेकर आ गए। विकास अधिकारी नवलाराम चौधरी कहा अधिकारियों को पाबंद कर वापस दवाई लेने का कहा गया है। किसकी गलती है उसकी विस्तृत जांच की जाएगी।

जानकारी के अनुसार एक पशुपालक की गाय चारा नहीं खा रही थी। तो पशु चिकित्सक ने दवा दे दी। पशुपालक जब घर पहुंचा तो पता चला की दवाई अवधिपार है। इसके बाद दवाई का वितरण रोका गया।



नया नगर. लाभार्थियों को कार्ड वितरित करते हुए।

शिविर में आमजन को विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी दी गई। राजस्व से जुड़े मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया। तहसीलदार राजेश व्यास ने यह कार्य किया। इस दौरान विकास अधिकारी नवलाराम चौधरी ने 50 परिवारों को प्रॉपर्टी कार्ड बांटे।

बिजली विभाग के सहायक अभियंता देवेंद्र ने बिजली से जुड़ी जानकारी दी। प्रधान बिजलाराम चौहान ने सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में सहायक विकास अधिकारी आईदानराम, ग्राम विकास अधिकारी यशोदा मीणा, पटवारी मनोज विश्नोई, सरपंच शांति देवी, सरपंच प्रतिनिधि नारायण राम, हीराराम बोस, वार्डपंच मांगाराम सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# काछबाराम को मिली सौगात

# अब मिलेगा सरकारी योजनाओं का फायदा

नवज्योति/बाड़मेर।

ग्राम पंचायत गोदारों की बेरी मुख्यालय पर आयोजित शिविर काछबाराम के लिए सौगात लेकर आया। अब उसे सरकारी योजनाओं का फायदा मिल सकेगा। ग्राम पंचायत गोदारों की बेरी मुख्यालय पर शनिवार को आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्तोदय संबल शिविर काछबाराम पुत्र रणछोड़ाराम निवासी आलेटी के लिए खुशियों की बहार लेकर आया। शनिवार सुबह ग्राम पंचायत मुख्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्तोदय संबल पखवाड़ा शिविर में धोरीमन्ना तहसीलदार वीरमाराम विश्नोई एवं सहायक विकास अधिकारी पोकराराम के समक्ष काछबाराम ने नाम एवं जाति संशोधन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। ग्राम पंचायत मुख्यालय में हाथों-हाथ नाम तथा जाति संशोधन करवाने की कार्यवाही की गई। इससे प्रार्थी को कृषि ऋण एवं अनुदान से संबंधित सरकारी योजना में राहत मिली। काछबाराम ने कहा कि मेरे लिए यह शिविर वरदान साबित हुआ। वह प्रदेश के मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करता है।



# रास्ता खोलो अभियान

# रास्ता खोलने से ग्रामीणों को मिली राहत

**नवज्योति/बाड़मेर।** रास्ता खोलो अभियान के तहत ग्राम पंचायत मीठी बेरी में अतिक्रमण से परेशान ग्रामीणों को राहत मिली। यह शिविर आमजन के लिए कारगर साबित हुआ। उपखंड के गोलियां जेतमाल पटवार मंडल के राजस्व ग्राम मीठी बेरी में शनिवार को राजस्थान सरकार के रास्ता खोलो अभियान के तहत वर्षों से बंद पडे रास्ते को खुलवाया गया। इससे सैकडों ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी से मुक्ती मिलीं हैं। उपखंड अधिकारी केशव कुमार मीणा के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने ग्रामीणों के आपसी सहयोग से अवरुद्ध रास्ते को खोला। इस दौरान तहसीलदार नोखडा पारस कुमार राणा, पटवारी गिरधारी लाल और ग्राम पंचायत सरपंच जेठी देवी मौजूद रहे। उपखंड अधिकारी मीणा ने आमजन से अपील की है कि तहसील गुडामालानी और नोखडा क्षेत्र में कही भी कटाण या अवरुद्ध रास्ता हो तो जानकारी उपखड़ कार्यालय में भेज दें, ताकि रास्ता खोलो अभियान के तहत ऐसे रास्तों को खुलवा कर जनता को राहत पहुंचाई जा सके। इस पहल से ग्रामीणों में खुशी की लहर देखी गई।

# शिविरों में आमजन को सरकारी योजनाओं से किया लाभान्वित

## ग्रामीणों ने बामडला जीएसएस पर अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की

नवज्योति/बाड़मेर।

सेड़वा उपखंड में शनिवार को ग्राम पंचायत सोमारडी, जानपालिया और भंवरिया में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर आयोजित हुए। उपखंड अधिकारी बद्रीनारायण विश्नोई ने ग्राम पंचायत सोमारडी में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उपखंड अधिकारी विश्नोई ने 16 विभागों की संबंधित योजनाओं और गतिविधियों के बारे में शिविरों में उपस्थित लोगों को जानकारी देकर लाभान्वित किया। ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति की समस्या, ट्रिपिंग के संबंध में एसडीएम विश्नोई को ज्ञापन सौंपकर बामडला जीएसएस पर अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की। एसडीएम विश्नोई ने शिविर में पशुपालन विभाग, आईसीडीएस, चिकित्सा, शिक्षा, वन, पंचायती राज विभाग, ई-मित्र धारकों को निर्धारित गतिविधियों में वांछित प्रगति दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत सघन पौधरोपण, ड्रॉप आउट विद्यार्थियों का सरकारी विद्यालयों में प्रवेश करवा कर नामांकन वृद्धि करने के निर्देश दिए। सोमारडी शिविर में जन सुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि मोबाइल नेटवर्क नहीं से विभिन्न सरकारी कार्य प्रभावित होते हैं। ग्रामीणों ने एसडीओ विश्नोई को शिकायत प्रस्तुत कर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मोबाइल टावर लगवाने की मांग की। शिविरों में एसडीओ विश्नोई ने पौधरोपण भी किया। शिविर में विकास अधिकारी पंचायत समिति सेड़वा मुकेश परमार समेत 16 विभागों के अधिकारी सहित सैकड़ों लाभार्थी भी मौजूद रहे।

# मोटाराम एवं ओमाराम के लिए वरदान साबित हुआ पंडित उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा





**मरुलहर न्यूज**

**बाड़मेर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत ग्राम पंचायत बोर चारणान में आयोजित शिविर मोटाराम एवं ओमाराम के लिए वरदान साबित हुआ। ग्राम पंचायत बोर चारणान में आयोजित शिविर में शनिवार को प्रार्थी मोटाराम पुत्र हीराराम एवं ओमाराम पुत्र चेतनराम ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिलने वाली किश्त रूकी हुई होने के बारे में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। इस शिविर में विभिन्न सरकारी विभागो के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इनका उद्देशय स्थानीय लोगो की विभिन्न समस्याओं को सुनना एवं उनका तुरंत समाधान करना था। शिविर के प्रभारी नायब तहसीलदार पीरसिंह चम्पावत ने इनके प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना मे हल्का पटवारी कुम्भसिंह बोर चारणान से पात्रता की जांच करवाकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना मे इनके आवेदन को पुन सही करने के लिए जिला कलक्टर बाड़मेर को पत्र लिखकर संबंधित शाखा मे फोन पर वातार्लाप कर प्रार्थीगण के आवेदन को अपात्र से पात्र करने के लिए निवेदन किया। संबंधित शाखा प्रभारी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की ओर से इनके आवेदन को सही करने के लिए रिक्वेस्ट भेज दी गई। इस पर मोटाराम पुत्र हीराराम, ओमाराम पुत्र चेतनराम ने कहा कि उनके लिए यह शिविर वरदान साबित हुआ, जो कार्य पिछले 2 साल से नही हो पा रहा था वह कार्य आज हाथो हाथ हो गया।

# राज्य सरकार की मंशा अनुरूप आमजन को राहत प्रदान की जा सके: केशव मीणा

## राज्य सरकार द्वारा राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज बंद रास्तों को खुलवाने हेतु रास्ता खोलो अभियान शुरू किया गया है

मरुलहर न्यूज



**गुड़ामालानी।** राज्य सरकार के निदेर्शानुसार उपखण्ड क्षेत्र गुड़ामालानी में राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज बंद रास्तों को खुलवाने को लेकर उपखण्ड अधिकारी केशव कुमार मीना के निर्देशों की पालना में तहसील गुड़ामालानी एवं तहसील नोखड़ा में उक्त रास्तों को खुलवाने हेतु ऐसे प्रकरणों को चिन्हित करते हुए राजस्व टीम द्वारा पटवार मण्डल राणासर खुर्द के राजस्व ग्राम राणासर खुर्द में पुलिस प्रशासन के सहयोग से 01 किलोमीटर लम्बे बन्द रास्ते को खुलवाया गया। उक्त रास्ते को खुलवाने से लोगों को आवागमन का रास्ता प्राप्त हुआ। इससे सैंकड़ों लोगों ने राजस्व विभाग का धन्यवाद ज्ञापित किया। रास्ता खुलवाने में राजस्व टीम में दिनेश कुमार, नायब तहसीलदार नोखड़ा, अजमल राम, भू-अभिलेख निरीक्षक एवं पुलिस बल उपस्थित रहे। इस दौरान नायब तहसीलदार, नोखड़ा दिनेश कुमार ने अवगत करवाया कि अगर उक्त खुलवाये गये रास्ते पर पुनः अतिक्रमण किया गया तो धारा-91 के तहत कार्यवाही की जाएगी। यहां उल्लेखनीय है कि एक बार हटाये गये अतिक्रमण स्थान पर अगर दुबारा अतिक्रमण किया जाता है तो तीन माह के जेल की सजा का प्रावधान है। इस रास्ता खोलो अभियान के तहत आगामी दिनों में राजस्व राजस्व ग्राम खडियाली नाडी, बांड धीमजी में राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज बंद रास्तों को खुलवाया जाना प्रस्तावित है । कार्यवाही के दौरान एसडीएम केशव कुमार मीना ने आमजन से अपील की कि तहसील गुड़ामालानी एवं नोखड़ा में अतिक्रमण किये हुए कट्टाण रास्तों के बारे में उपखण्ड कार्यालय गुड़ामालानी में सूचित करें। ताकि रास्ता खोलो अभियान के तहत उक्त रास्तों को खुलवाया जाकर राज्य सरकार की मंशा अनुरूप आमजन को राहत प्रदान की जा सके। इसी दौरान ग्राम पंचायत मीठी बेरी में अतिक्रमण से परेशान ग्रामीणों को मिली राहत। सरकार के यह शिविर आमजन के लिए कारगर साबित हुआ ।

उपखंड के गोलियां जेतमाल पटवार मंडल के राजस्व ग्राम मीठी बेरी में शनिवार को राजस्थान सरकार के रास्ता खोलो अभियान के तहत वर्षो से बंद पडे रास्ते को खुलवाया गया। इस कारवाई से सैकडों ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी से मुक्ती मिलीं हैं।

# शिविरों में आमजन को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया

मरुलहर न्यूज

**बाड़मेर।** सेड़वा उपखंड में शनिवार को ग्राम पंचायत सोमारडी, जानपालिया और भंवरिया में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर आयोजित हुए। उपखंड अधिकारी बद्रीनारायण विश्नोई ने ग्राम पंचायत सोमारडी में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया।

इस दौरान उपखंड अधिकारी विश्नोई ने 16 विभागों की संबंधित योजनाओं और गतिविधियों के बारे में शिविरों में उपस्थित लोगों को जानकारी देकर लाभान्वित किया। ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति की समस्या, ट्रिपिंग के संबंध में एसडीएम विश्नोई को ज्ञापन सौंपकर बामडला जीएसएस पर अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की। एसडीएम विश्नोई ने शिविर में पशुपालन विभाग, आईसीडीएस, चिकित्सा, शिक्षा, वन, पंचायती राज विभाग, ई-मित्र धारकों को निर्धारित गतिविधियों में वांछित प्रगति दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत सघन पौधारोपण, ड्रॉप आउट विद्यार्थियों का सरकारी विद्यालयों में प्रवेश करवा कर नामांकन वृद्धि करने के निर्देश दिए।

सोमारडी शिविर में जन सुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि मोबाइल नेटवर्क नहीं से विभिन्न सरकारी कार्य प्रभावित होते हैं। ग्रामीणों ने एसडीओ विश्नोई को शिकायत प्रस्तुत कर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मोबाइल टावर लगवाने की मांग की। शिविरों में एसडीओ विश्नोई ने पौधारोपण भी किया। शिविर में विकास अधिकारी पंचायत समिति सेड़वा मुकेश परमार समेत 16 विभागों के अधिकारी सहित सैकड़ों लाभार्थी भी मौजूद रहे।

# काछबाराम को मिली सौगात, अब मिलेगा सरकारी योजनाओं का फायदा

**मरुलहर न्यूज**

निरीक्षण के दौरान एसडीएम पूजा मीणा ने कहा कि आमजन की समस्याओं का मौके पर निस्तारण करना ही शिविर का मुख्य उद्देश्य है अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहकर कार्य करना चाहिए। और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधारोपण भी किया।इस दौरान बालघाट सरपंच हंसराज, जयेश अग्रवाल, विद्युत निगम से संजय शर्मा, रोहित कुमार मीणा, चंद्रपाल धाकड़, बैंक ऑफ बड़ौदा से शाकिर खान, शिक्षा विभाग से रामराज मीणा, तथा कृषि विभाग से रजनीश मीणा और सुधीर मीणा सहित अनेक विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वर्षों पुराना भूमि विवाद सुलझा

**टोडाभीम|** ग्राम पंचायत अजीजपुर में शनिवार को जनसेवा शिविर का आयोजन हुआ। शिविर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत सरपंच कावेरी देवी की अध्यक्षता में लगाया गया।

शिविर में तहसीलदार सीमा गुर्जर की समझाइश से हरपति पत्नी धारा सिंह और सुरेश पुत्र हल्ला के बीच वर्षों पुराना भूमि विवाद सुलझा। दोनों पक्षों की सहमति से बंटवारा हुआ। तहसीलदार ने बताया कि शिविर का उद्देश्य सरकारी सेवाओं को सीधे आमजन तक पहुंचाना है। समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। शिविर में सीमाज्ञान, नामांतरण, खातों का विभाजन, पत्थरगढ़ी और रास्तों के विवाद जैसे कई राजस्व प्रकरणों का निस्तारण किया गया। ग्रामीण विकास विभाग ने बीपीएल सर्वे कर पात्र परिवारों से योजनाओं के लिए आवेदन लिए। स्वामित्व योजना के तहत पट्टे वितरित किए गए। चिकित्सा विभाग ने आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य कार्ड बनाए। इससे ग्रामीणों को इलाज की सुविधा से जोड़ा गया। जलदाय विभाग ने पेयजल योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। सभी ने विभागीय सेवाओं का लाभ उठाया। इस दौरान तहसीलदार गुर्जर ने पौधारोपण किया। ग्राम पंचायत के कार्मिकों को पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी गई।

दैनिक भास्कर

# करौली 06-07-2025

## टीबी मरीजों को पोषण किट दिए



करौली| ग्राम पंचायत कुजेला के आईटी केंद्र पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर लगाया गया। इसमें स्वास्थ्य विभाग की ओर से पीरामल फाउंडेशन की लवली अग्रवाल ने दो टीबी मरीजों को पोषण किट दी। अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत एक जून 2025 से सघन टीबी मुक्त भारत अभियान शुरू हो चुका है। अभियान के तहत लोगों को टीबी की गंभीरता और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को निक्षय मित्र बनने के लिए प्रेरित किया गया। हितेंद्र, बृजवासी, मनोज, आशा, रुकवाई, प्रेमवाई, सरोज देवी आदि मौजूद रहे।

पत्रिका

अभियान

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# समस्याओं का किया समाधान, ग्रामीणों को योजनाओं का मिला लाभ

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बालघाट.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शनिवार को आयोजित शिविर में लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर में 14 विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों ने आमजन की समस्याओं का निस्तारण किया। शिविर की अध्यक्षता नायब तहसीलदार मुकुट सिंह ने की। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे और ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। शिविर में विशेष रूप से धौंला कुआं, करीरी, बायपास का मुद्दा छाया रहा। इस दौरान शिविर में आयुष्मान भारत कार्ड, आधार अपडेट, पेंशन का भौतिक सत्यापन, विद्युत विभाग की शिकायतें एवं बैंक और कृषि संबंधी कार्यों का निस्तारण किया गया। उपखंड अधिकारी पूजा मीणा ने शिविर का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि आमजन की समस्याओं का मौके पर निस्तारण करना ही शिविर का मुख्य उद्देश्य है। अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का संवेदनशील रहकर समाधान करना चाहिए। ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभान्वित किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधरोपण भी किया। इस दौरान बालघाट सरपंच हंसराज, जयेश अग्रवाल, विद्युत निगम से संजय शर्मा, रोहित कुमार मीणा, चंद्रपाल धाकड़, बैंक ऑफ बड़ौदा से शाकिर खान, शिक्षा विभाग से रामराज मीणा, कृषि विभाग से रजनीश मीणा और सुधीर मीणा मौजूद रहे। *(निज संवाददाता)*



बालघाट. शिविर में समस्याएं सुनते कार्मिक।

06/07/2025 | Karoli | Page : 22
Source : https://epaper.patrika.com/

RD_Hindaun-6july2025....

# शिविर का निरीक्षण किया

**करौली**, (निसं)। संभागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी करौली दौरे पर रही इस दौरान उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुनेसरा के भारत निर्माण अटल सेवा केंद्र पर आयोजित शिविर का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान संभागीय आयुक्त ने राजस्व, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण विकास, पंचायतीराज सहित अन्य विभागों द्वारा संबंधित स्टॉल पर दी जा सेवाओं का जमीनी स्तर पर जायजा लिया व आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निक्षय मित्र बनकर 4 टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित करते हुए कहा कि टीबी मरीजों को दवाओं के साथ पोषण किट में उपलब्ध सामग्री के सेवन से राहत मिलेगी। इस दौरान उन्होंने दो दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड और कई लोगों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला – जोधपुर

—:: समाचार कतरन – 06 जुलाई, 2025 ::—

# राजस्थान पत्रिका

वर्ष 46 | अंक 202 | पृष्ठ 24 | मूल्य 5.00 | जोधपुर, रविवार, 6 जुलाई, 2025 | आषाढ़ शुक्ल पक्ष एकादशी संवत् 2082

सीएम का कांग्रेस पर कटाक्ष | जनसभा में मुख्यमंत्री पहुंचे ऊंट पर बैठकर

## 'कुछ परजीवी, अमरबेल की तरह उनका धरातल नहीं'

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**जोधपुर.** कांग्रेस के लोग झूठे सपने दिखाते हैं। कुछ तो परजीवी हैं, अमरबेल की तरह न तो नीचे और न ऊपर धरातल है। ऐसे लोगों का ध्यान रखें। यह बात मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को जोधपुर के शेरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सोइंतरा गांव में पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। सीएम ने कहा कि कांग्रेस के लोगों को दर्द हो रहा है, क्योंकि पांच साल बनाम डेढ़ साल की बात करते हैं। मैं इसलिए कहता हूं, क्योंकि मेरे पास पूरे सबूत हैं।



ऐसे कितने काम है, जो हमने डेढ़ साल में किए हैं। आंकड़े देख कर जवाब देना होगा,ट्विटर से काम नहीं चलेगा। पानी, सड़क, बिजली और साइकिल वितरण जैसे आंकड़े किए पेश किए।

पढ़ें **कुछ परजीवी** @ पेज 10

### वृक्षकुंज का किया लोकार्पण

**मुख्यमंत्री** वृक्षारोपण महाअभियान के तहत मुख्यमंत्री ने वृक्ष कुंज का लोकार्पण भी सोइंतरा में किया। उन्होंने गोगाजी व आशापुरा माताजी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि व खुशहाली की कामना भी की। इसके पश्चात वे ऊंट पर सवार होकर शिविर स्थल पहुंचे। मुख्यमंत्री ने शिविरों का अवलोकन कर पात्र व्यक्तियों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किया।

---

## कुछ परजीवी...

उन्हें यह भी तकलीफ होती हैं कि मैं दिन-रात घूमता हूं। मैं किसान का बेटा हूं, सर्दी गर्मी की परवाह किए बिना मैं किसानों के बीच जाता हूं।

**हमारा प्रदेश रोल मॉडल बनेगा** : मुख्यमंत्री शर्मा कहा कि अन्त्योदय की भावना के साथ किए जा रहे कार्यों से हमारा प्रदेश पूरे देश में समावेशी विकास का रोल मॉडल बनेगा। हमारा प्रयास हैं कि समाज का कोई भी व्यक्ति या परिवार सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविरों में लोगों के चेहरों पर नजर आ रहा विश्वास बदलते राजस्थान की तस्वीर हैं, जिसमें शासन और प्रशासन आमजन के द्वार आ रहे हैं और समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को आगे लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उनके साथ केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, विधि व संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, शेरगढ़ विधायक बाबूसिंह राठौड़, ओसियां विधायक भैराराम सियोल सहित अन्य मौजूद रहे।

# राजस्थान पत्रिका

य एषु सुप्तेषु जागर्ति | वर्ष 46 | अंक 202 | पृष्ठ 24 | मूल्य 5.00 | **जोधपुर, रविवार, 6 जुलाई, 2025** | आषाढ़ शुक्ल पक्ष एकादशी संवत् 2082 राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, व


सीएम ने शेरगढ़ और जोधपुर को दी सौगातें गिनाई

# गांवों को गरीबी से मुक्त करने के लिए 300 करोड़, वीरांगनाओं का किया सम्मान





शिविर के सभास्थल पर सीएम का स्वागत करते हुए।



पं दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा शिविर में मौजूद लोग।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बालेसर**. मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविरों में भूमि-संबंधी विवादों का समाधान होने के साथ ही लोगों को अपनी भूमि का स्पष्ट स्वामित्व मिल रहा है। किसान भाई-बहनों के लिए पौध वितरण, मृदा नमूनों के संग्रहण और मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण जैसे कार्य किए जा रहे हैं।

सोइंतरा गांव में शिविर की जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम करीब दो घंटे तक रुके। हेलीपेड पर उनको देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। ऊंट पर बैठ कर उनके साथ केन्द्रीय मंत्री व विधायकों ने रोड शो भी किया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर लोग खड़े रहे। उन्होंने कहा कि पशुपालकों को मंगला पशु बीमा का लाभ देने के साथ ही पशुओं की जांच, इलाज और टीकाकरण किया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड वितरित कर मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ कराने की व्यवस्था की जा रही है। यहां शेरगढ़ विधायक बाबू सिंह राठौड़ ने विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय खोलने, जल जीवन मिशन के तहत वापस सर्वे करवा कर नई डीपीआर बनाने, खनन क्षेत्र की अवधि वर्दी में रियायत देने, सोइंतरा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने सहित विभिन्न प्रकार की मांगे रखी गई। गांव में सड़कों पर दोनों तरफ महिलाओं एवं बच्चों ने हाथों में फूल मालाओं से मुख्यमंत्री पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद सिंह चौहान,

## शेरगढ़ विधानसभा मिली कई सौगातें

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने जोधपुर जिले के चहुंमुखी विकास के लिए तीन हजार 541 करोड़ रुपए का बजट में प्रावधान किया है। शेरगढ़ विधानसभा क्षेत्र को भी कई सौगातें दी गई हैं। कनोडिया पुरोहितान उप स्वास्थ्य केंद्र को पीएचसी में तथा सेखाला, नाथड़ाऊ एवं केतुकलां के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में क्रमोन्नत किया जाएगा। थुड़ियासा में 132 केवी जीएसएस, बालेसर में 220 केवी जीएसएस, चामू में महाविद्यालय, बालेसर में नए कन्या महाविद्यालय तथा शेरगढ़ में खेल स्टेडियम के लिए भूमि आवंटित की जा चुकी है।

भारत का गौरव बढ़ा सभा को संबोधित करते हुए केन्द्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री व स्थानीय सांसद गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद दुनिया में भारत का गौरव और सम्मान बढ़ा है। डबल इंजन की सरकार ने पानी की उपलब्धता के लिए पूर्वी राजस्थान के लिए राम जलसेतु लिंक परियोजना और शेखावाटी क्षेत्र के लिए यमुना जल समझौते को आगे बढ़ाने सहित कई कदम उठाए हैं। पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में जल जीवन मिशन के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा राजस्थान को पर्याप्त बजट उपलब्ध करवाया गया, मगर भ्रष्टाचार के कारण ठीक प्रकार से कार्य नहीं हो सका।

## विभिन्न संगठनों ने ज्ञापन सौंपा

**बालेसर**. मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को सोईंतरा में विभिन्न संगठनों की ओर से भी ज्ञापन सौंपे गए। यहीं इस दौरान एक स्कूल संचालक महिला की आंखें सीएम को अपनी समस्या बताते हुए छलक पड़ी।बालेसर पत्थर खनन यूनियन के प्रतिनिधि पप्पू कच्छावाह के नेतृत्व में सदस्यों ने मुख्यमंत्री को विभिन्न समस्याओं को लेकर,पंचायत समिति सदस्य कुंदन सिंह इंदा ने बालेसर नगर पालिका में साफ सफाई का बजट बढ़ाने, विद्युत लाइट गलियों में लगाने, नगर पालिका में विभिन्न विकास कार्यों में पारदर्शिता के साथ अनियमितताओं की जांच करने, उप जिला अस्पताल बनाने सहित विभिन्न मांगो को लेकर, राजस्थान पंचायत शिक्षक संघ के प्रतिनिधि पंकज सिंह एवं भोमाराम परिहार सहित अन्य सदस्यों और पूर्व इंदा सरपंच सोहन सिंह ने भी गांव के विकास को लेकर मुख्यमंत्री तथा विधायक को ज्ञापन सौंपा। यहीं चामू गांव में एक विद्यालय के निदेशक कुंप सिंह भाटी के ऊपर हुए जानलेवा हमले के मामले में विद्यालय की संचालक तथा घायल व्यक्ति की पत्नी एवं बेटी दोनों ने मुख्यमंत्री तथा अन्य अधिकारियों को ज्ञापन सौंप कर घटना की जांच के बाद उचित न्याय करने तथा आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।



जालम सिंह महेचा, उमेद सिंह भाटी, पूर्व प्रधान बाबू सिंह इंदा, पूर्व प्रधान भंवर सिंह इंदा, भोपाल सिंह भाटी, नाथू सिंह राठौड़, कुंदन सिंह इंदा, पप्पू कच्छावाह, जोराराम मेघवाल, करण सिंह गोगा देव, उम्मेद सिंह केतु, गुलाब सिंह सहित कई मौजूद रहे।

# दैनिक भास्कर

**शेरगढ़ के सोइंतरा में वृक्ष कुंज का लोकार्पण, रेल लाइन व पेयजल योजनाओं की मांग पर दिया सकारात्मक संकेत**

# अब किसानों को दिन में मिलेगी बिजली : शर्मा

**भास्कर न्यूज** | शेरगढ़/बालेसर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को जोधपुर जिले के शेरगढ़ क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत सोइंतरा में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया और कई अहम घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री ने सबसे बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अब प्रदेश के किसानों को दिन में बिजली मिलेगी, जिससे खेती-किसानी के कार्यों में सहुलियत मिलेगी।

**ऊंट की सवारी कर पहुंचे सभा स्थल :** मुख्यमंत्री सबसे पहले मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत ग्राम पंचायत सोइंतरा में 70 बीघा भूमि पर बनाए गए \"वृक्ष कुंज\" पहुंचे, जहां उन्होंने पीपल का पौधा लगाकर इसका उद्घाटन किया। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से लहरिया चुनरी की छाया में मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने गोगाजी और आशापुरा माता मंदिर में पूजा-अर्चना की। वृक्षारोपण और दर्शन के बाद मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत और विधायक बाबूसिंह राठौड़ के साथ सजे-धजे ऊंटों पर सवार होकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर स्थल तक पहुंचे।



इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि अब किसानों को खेती के लिए बिजली का इंतजार करने के लिए देर रात तक नहीं जागना होगा। सरकार उन्हें दिन में ही बिजली उपलब्ध कराएगी। इसके साथ ही पेयजल संकट से जूझ रहे गांवों के लिए योजनाएं तैयार हैं। वहीं 5000 गांवों को बीपीएल मुक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लगभग डेढ़ साल के कार्यकाल के दौरान 69 हजार युवाओं को नौकरी के नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं।

## ड्रॉपआउट व नामांकन से वंचित बालिकाओं की पहचान कर स्कूलों से जोड़ेंगे : मुख्यमंत्री

**जयपुर** | सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि घर-घर सर्वे कर ड्रॉपआउट और नामांकन से वंचित बालिकाओं की पहचान कर उनका विद्यालयों में नामांकन किया जाएगा।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल शिक्षा तक ही नहीं बल्कि उन्हें रोजगार प्राप्त करने योग्य बनाने तक है। इस दौरान सीएम ने भामाशाहों से प्रदेश को शिक्षा में अग्रणी बनाने के राज्य सरकार के प्रयासों में सहभागी बनने की अपील की। सीएम ने ये बात शनिवार को बालोतरा में मोतीलाल ओसवाल फाउंडेशन द्वारा बालोतरा जिला शिक्षा परिवर्तन कार्यक्रम (बीडीईटी) के शुभारंभ कार्यक्रम में की।

# दैनिक भास्कर

## शेरगढ़ में ऊंट की सवारी... मुख्यमंत्री, शेखावत व राठौड़ यूं पहुंचे शिविर स्थल



**शेरगढ़/बालेसर** | मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को जोधपुर के शेरगढ़ क्षेत्र के दौरे पर रहे। सबसे पहले वे सोइंतरा में 70 बीघा भूमि पर बनाए 'वृक्ष कुंज' पहुंचे, जहां उन्होंने पीपल का पौधा लगाकर इसका उद्घाटन किया। यहां महिलाओं ने लहरिया चुनरी की छाया में मुख्यमंत्री का स्वागत किया। फिर गोगाजी और आशापुरा माता मंदिर में पूजा के बाद मुख्यमंत्री सजे-धजे ऊंट पर सवार हुए। उनके पीछे केंद्रीय मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत, विधायक बाबूसिंह राठौड़ व भैराराम सियोल भी ऊंट पर रवाना हुए। चारों इसी अंदाज में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर स्थल तक पहुंचे। **- शासन प्रशासन पढ़ें**

दैनिक नवज्योति
जोधपुर, रविवार 06 जुलाई 2025
dainiknavajyoti.com
11

# अंत्योदय की भावना से प्रदेश बनेगा समावेशी विकास का रोल मॉडलः सीएम शर्मा

## सोईंतरा ग्राम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत जनसभा का आयोजन

नवज्योति/शेरगढ़।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अंत्योदय की भावना के साथ किए जा रहे कार्यों से हमारा प्रदेश पूरे देश में समावेशी विकास का रोल मॉडल बनेगा। हमारा प्रयास है कि समाज का कोई भी व्यक्ति या परिवार सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित ना रहे।

सीएम शर्मा शनिवार को जोधपुर जिले की शेरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सोईंतरा ग्राम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविरों में लोगों के चहरों पर नजर आ रहा विश्वास बदलते राजस्थान की तस्वीर है, जिसमें शासन और प्रशासन आमजन के द्वार आ रहे हैं और समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को आगे लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश में बिजली, पानी, रोजगार एवं उद्योग क्षेत्र की प्रगति के लिए कई कदम उठाए हैं। किसानों को वर्ष 2027 तक दिन में बिजली उपलब्ध करवाना तथा युवाओं को पांच साल में चार लाख सरकारी नौकरियां देना हमारा लक्ष्य है। शर्मा ने कहा कि जोधपुर उस ऐतिहासिक धरोहर और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है, जिसने मरुभूमि की आत्मा को सदियों से संजोया है। शेरगढ़ की धरती ने अपने नाम को सार्थक करते हुए हर युद्ध, हर अभियान में अपने शेर दिल सपूत मातृभूमि की सेवा के लिए भेजे हैं।





इससे पहले सीएम शर्मा ने मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री वृक्ष कुंज का लोकार्पण किया व आमजन के साथ वृक्षारोपण किया। उन्होंने गोगाजी व आशापुरा माताजी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि व खुशहाली की कामना भी की। इसके पश्चात वे ऊंट पर सवार होकर शिविर स्थल पहुंचे। मुख्यमंत्री ने शिविरों का अवलोकन कर पात्र व्यक्तियों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किया।

उन्होंने विशेष योग्यजन मंजू को सुखद दाम्पत्य विवाह अनुदान योजना तथा सोनी देवी, ममता, लीला देवी, सीता देवी व अमु देवी को मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत चेक-प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने विशेष योग्यजन कमला देवी को मोटोराइज्ड ट्राईसाईकिल, छात्रा निकिता को साईकिल व छात्र देवीलाल को टैबलेट प्रदान किया। शर्मा ने इस अवसर पर वीरांगनाओं का भी सम्मान किया। कार्यक्रम में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष जसवंत सिंह बिश्नोई, विधायक बाबू सिंह राठौड़ व भैराराम सियोल आदि उपस्थित थे।

### राज्य की डबल इंजन सरकार ने जल उपलब्धता के लिए उठाए उल्लेखनीय कदमः शेखावत

*इस अवसर पर केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में गरीबों के जीवन में बदलाव लाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से वंचित वर्ग को आवास, बिजली, शौचालय, गैस कनेक्शन और बैंक खाते जैसी कई सुविधाएं मिली हैं, जिससे उनका जीवन स्तर ऊपर उठा है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के आंकड़ों के अनुसार देश के 94 करोड़ से अधिक लोगों को किसी ना किसी सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में जल जीवन मिशन के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा राजस्थान को पर्याप्त बजट उपलब्ध करवाया गया, मगर भ्रष्टाचार के कारण ठीक प्रकार से कार्य नहीं हो सका।*

### शेरगढ़ विधानसभा क्षेत्र को बजट में मिली कई सौगातें

*मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने जोधपुर जिले के चहुंमुखी विकास के लिए 3 हजार 541 करोड़ रुपए का बजटीय प्रावधान किया है। शेरगढ़ विधानसभा क्षेत्र को भी कई सौगातें दी गई हैं। उन्होंने कहा कि कनोड़िया पुरोहितान उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तथा सेखाला, चाबड़ाऊ एवं केतूकलां के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में क्रमोन्नत किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि खुडियाला में 132 केवी जीएसएस, बालेसर में 220 केवी जीएसएस, चामू में महाविद्यालय, बालेसर में नए कन्या महाविद्यालय तथा शेरगढ़ में खेल स्टेडियम के लिए भूमि आवंटित की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त शेरगढ़ में अनुसूचित जनजाति छात्रावास भी खोला जाएगा।*

2 दैनिक नवज्योति
जोधपुर, रविवार, 6 जुलाई 2025

## राजस्थान अब दौड़ेगा, थमेगा नहीं

# मरुधरा के माथे पर भी चढ़ेगा विकास का मुकुट

शेरगढ़ से कुमार प्रवीण

**नवज्योति/ जोधपुर।** शेरगढ़ की पावन धरा पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आगमन केवल एक सरकारी दौरा नहीं, बल्कि मरुधरा के माथे पर विकास का मुकुट सजाने जैसा ऐतिहासिक क्षण है। यह दौरा इस बात का प्रतीक है कि राजस्थान अब केवल पगड़ी, वीरता और परंपराओं का ही नहीं, बल्कि प्रगतिशील सोच और नवाचार का भी प्रतीक बन चुका है। जैसे रेगिस्तान का ऊंट साज-संवार कर गौरव का प्रतीक बनता है, वैसे ही मुख्यमंत्री शर्मा की दूरदर्शी नीतियों और अथक प्रयासों से अब राजस्थान खुद को विकास की नई बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए साज-संवर रहा है। मरुधरा के रेत कणों में उम्मीद की नमी घुल चुकी है और यह उम्मीद है - मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का प्रखर नेतृत्व।


**मरुधरा का शौर्य और मुख्यमंत्री का विजन एक साथ**

मुख्यमंत्री शर्मा ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और काम के प्रति प्रतिबद्धता से यह स्पष्ट कर दिया है कि राजस्थान अब ठहराव का नहीं, बल्कि गति और परिवर्तन का प्रदेश है। उनकी जुबां नहीं, काम बोल रहा है और यह काम प्रदेश के गांव-गांव, ढाणी-ढाणी में अपना असर दिखा रहा है। शेरगढ़ के शिविर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान उन्होंने जनसमस्याओं का न केवल अवलोकन किया, बल्कि योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता भी दोहराई। यही वजह है कि प्रदेश के युवाओं, किसानों और महिलाओं में नई ऊर्जा और उम्मीद का संचार हुआ है।

आज प्रदेश का युवा अपने सपनों को साकार होता देखना चाहता है और मुख्यमंत्री का यह दौरा इस सपने को मजबूती देने का कार्य कर रहा है। रोजगार, कौशल विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य, हर क्षेत्र में उन्होंने योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने का जो संकल्प दिखाया है, उसने विरोधियों को भी सोचने पर मजबूर कर दिया है। मुख्यमंत्री शर्मा ने यह संदेश दे दिया कि अब राजस्थान को कोई भी विकास की दौड़ में पीछे नहीं छोड़ सकता।

प्रदेश में निवेशकों का भरोसा बढ़ा है और देश-विदेश के निवेशक राजस्थान की नई संभावनाओं को पहचानकर यहां निवेश करने के लिए उत्सुक हैं। यह इस बात का संकेत है कि मुख्यमंत्री की नीतियां केवल कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर असर दिखा रही हैं। प्रदेश में सड़कों का जाल बिछ रहा है, चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार हो रहा है, युवाओं के लिए नए रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं और किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाने के प्रयास भी तेजी से हो रहे हैं।

शेरगढ़ का यह दौरा राजस्थान के लिए विकास का नया अध्याय लिखने जैसा है, जिसने साबित किया कि सरकार का लक्ष्य केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही असली सफलता है। मुख्यमंत्री के इस दौरे ने मरुधरा में विश्वास की नई लहर पैदा की है। उन्होंने यह दिखाया कि राजस्थान की आन-बान-शान अब विकास की चमक के साथ और भी प्रखर होगी।



शेरगढ़ की तपती धरती पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ऊंट पर सवार होकर ऐसी हुंकार भरी कि रेगिस्तान की हवाओं में भी जोश घुल गया। रंग-बिरंगे सजावटी ऊंट से विकास का संदेश देते हुए उन्होंने विरोधियों को सीधी चुनौती दी। राजस्थान की रफ्तार को रोकने का सपना देखना छोड़ दो, क्योंकि अब प्रदेश दौड़ेगा, थमेगा नहीं। उनके काफिले के साथ उमड़ा जनसैलाब इस बात का गवाह था कि जनता विकास के इस मिशन पर उनके साथ चट्टान की तरह खड़ी है। सीएम भजनलाल ने साफ कहा कि रेत के धोरों से विकास की गूंज निकलेगी और राजस्थान को कोई पिछड़ने नहीं देगा। यह ऊंट की सवारी नहीं, विरोधियों को सीधा संदेश था ...अब सिर्फ विकास की आंधी चलेगी और हर रुकावट को रौंद देगी।

मुख्यमंत्री शर्मा ने अपने संकल्प, योजनाओं और क्रियान्वयन से सिद्ध कर दिया कि राजस्थान की धरती पर विकास की यह धारा अब अविरल बहेगी। यह ऐतिहासिक घड़ी पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। आज जब मरुधरा का शौर्य और मुख्यमंत्री का विजन एक साथ दिख रहा है, तो यह तस्वीर पूरे देश में राजस्थान की नई पहचान बना रही है। शेरगढ़ की गलियों में गूंजता जयघोष बताता है कि लोग सरकार के कामकाज से प्रसन्न हैं और उनके सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध नेतृत्व पाकर आश्वस्त भी। जय मरुधरा, जय मुख्यमंत्री के स्वर्णिम सपने का यह उत्सव हर उस व्यक्ति के लिए प्रेरणा है, जो राजस्थान को और ऊंचाइयों तक पहुंचता देखना चाहता है। यह सिर्फ एक दौरा नहीं, बल्कि राजस्थान के उज्ज्वल भविष्य की गूंज है।

दैनिक नवज्योति

dainiknavajyoti.com | जोधपुर, रविवार, 6 जुलाई 2025 | 4

## कांग्रेस पर तीखा हमला.....राजस्थान की प्रगति का वादा

# पंजा मत दिखाओ भाई...पंजे ने देश को बर्बाद किया : मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री का सोईंतरा दौरा, विधायक बाबू सिंह राठौड़ व सरपंच गोविंद सिंह की मेहनत देख दंग हुए मुख्यमंत्री





मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 का निरीक्षण एवं अवलोकन करने के लिए ग्राम पंचायत सोईंतरा आए, इस दौरान ...

#### कांग्रेस सरकार को लिया आड़े हाथ

#### संबल पखवाड़े का अवलोकन

#### गरीबी उन्मूलन पर जोर

#### हेलीपैड पर भव्य स्वागत



#### वृक्ष कुंज का लोकार्पण

#### रेगिस्तान के जहाज ऊंट की सवारी की

#### शेखावत ने दिलाया भरोसा

#### विधायक राठौड़ ने रखी मांगे

#### यह भी रहे उपस्थित

# काम के आंकड़ों पर बात करें कांग्रेस, ट्वीट से काम नहीं चलेगा



## शेरगढ के सोईतरा में लगे अन्नोदय शिविर में पहुंचे सीएम भजनलाल





जोधपुर(नसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को जोधपुर जिले के शेरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सोईतरा गांव में आयोजित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने न सिर्फ शिविर का निरीक्षण किया, बल्कि एक विशाल आमसभा को भी संबोधित किया, जिसमें लंबे अरसे बाद केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और विधायक बाबू सिंह राठौड़ उनके साथ मंच पर नजर आए।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष केवल ट्वीट करके सरकार को बदनाम नहीं कर सकता। उन्होंने कांग्रेस को आंकड़ों के साथ काम पर बात करने की चुनौती दी और कहा कि हमारी सरकार ने डेढ़ साल में जो काम किए हैं, वो कांग्रेस की पांच साल की सरकार से बेहतर हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, जब हमने सत्ता संभाली, तब सबसे बड़ी जरूरत पानी की थी। हमने ईआरसीपी पर काम शुरू किया, यमुना जल समझौता किया, नहरों की मरम्मत के लिए रु 4,000 करोड़ खर्च किए। नर्मदा परियोजना और बिजली के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय काम हुआ है। 2027 तक किसानों को दिन में भी बिजली मिलेगी। उन्होंने कहा कि वे किसान हैं, इसलिए सर्दी-गर्मी में हर समय लोगों के बीच जा सकते हैं।

### गहलोत के बयानों पर जवाब नहीं

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस पर निशाना तो साधा, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ताजा बयानों का कोई सीधा जवाब नहीं दिया। गहलोत ने हाल ही में जोधपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री पर कई आरोप लगाए थे, लेकिन सभा में शर्मा ने उनका कोई उल्लेख नहीं किया। सभा में राज्य मंत्री जोगाराम पटेल, विधायक भैराराम सियोल, भाजपा नेता जसवंत सिंह इंदा, पूर्व विधायक

### वीरांगनाओं का किया सम्मान

मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत बनाए गए इस वृक्ष कुंज में 7000 पौधे लगाए गए हैं। इसे ग्राम पंचायत सोईंतरा के प्रशासन गोविंदसिंह चौहान के मार्गदर्शन में मातृ शक्ति और ग्रामीण युवाओं ने मिलकर तैयार किया है। वहीं पौधारोपण के बाद सीएम ने लोकदेवता गोगाजी मंदिर और आशापुरा माताजी मंदिर में पूजा-अर्चना की। साथ ही राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में तीन विज्ञान प्रयोगशालाओं और दो अतिरिक्त कक्षाओं का लोकार्पण किया। जिसके बाद सीएम भजनलाल ऊंट पर बैठ कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर पर पहुंचे। जहां लाभार्थियों से सीएम ने संवाद किया जिसके बाद सीएम भजनलाल जनसभा को संबोधित करने के लिए सभास्थल पर पहुंचे। इस दौरान मंच पर संसदीय मंत्री जोगाराम पटेल सहित विभिन्न नेताओं ने सीएम का माला पहनाकर स्वागत किया गया। जनसभा में शेरगढ़ विधानसभा क्षेत्र की शहीद 14 वीरांगनाओं को सम्मानित किया गया।

मानवेंद्र सिंह जसोल, और अतुल भंसाली भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने यहां मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत बनाए गए वृक्ष कुंज का लोकार्पण कर वृक्षारोपण भी किया। इससे पहले सीएम ने बालेसर के फतरू में भी सभा को संबोधित किया।

### बाबू सिंह राठौड़ ने रखी मांगें

विधायक बाबू सिंह राठौड़ ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री के सामने शेरगढ़ क्षेत्र की कई मांगें रखीं, जिनमें बहुप्रतीक्षित केंद्रीय विद्यालय की मांग प्रमुख रही। यह मुद्दा लोकसभा चुनाव में भी बड़ा रहा था। इसके अलावा उन्होंने क्षेत्र में सड़क कार्यों की मंजूरी देने और दामूजाराडीपी योजना के क्रियान्वयन की मांग की, ताकि पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। हालांकि, उनके संबोधन के दौरान सभा में मौजूद महिलाएं धीरे-धीरे बाहर निकलने लगीं, जिस पर राठौड़ को बार-बार उन्हें रोकने का आग्रह करना पड़ा।

### जल जीवन मिशन का वादा निभाया

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने अपने भाषण में कहा कि जब वे जलशक्ति मंत्री थे, तब उन्होंने वादा किया था कि शेरगढ़ को पानी मिलेगा और अब वह वादा पूरा हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में जल जीवन मिशन में भारी घोटाले हुए, लेकिन अब घोटालेबाज जेल जा रहे हैं। केंद्रीय विद्यालय की मांग पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पहले किसी भवन को चिन्हित करे, इसके बाद उसे दिल्ली से स्वीकृति दिलवाना उनकी जिम्मेदारी होगी।

### शेखावत-राठौड़ एक मंच पर आए

गत वर्ष लोकसभा चुनाव के दौरान बाबू सिंह राठौड़ और गजेंद्र सिंह शेखावत के बीच खटास देखने को मिली थी। राठौड़ ने शेखावत पर यह आरोप लगाया था कि वे केवल जुबानी आश्वासन देते हैं, लेकिन काम नहीं होता। इस दौरान केंद्रीय विद्यालय और पूर्व सैनिक अस्पताल के वादों को लेकर भी उन्होंने शेखावत को घेरा था। हालांकि, बाद में दोनों नेताओं के बीच सुलह हो गई और अब दोनों साथ मंच पर नजर आए।

# हुक्मनामा समाचार

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा**

## अन्त्योदय की भावना से प्रदेश बनेगा समावेशी विकास का रोल मॉडल-मुख्यमंत्री

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश के गरीब व वंचित वर्ग के जीवन में आया बदलाव-शेखावत



जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)। केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में गरीबों के जीवन में बदलाव लाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से वंचित वर्ग को आवास, बिजली, शौचालय, गैस कनेक्शन और बैंक खाते जैसी कई सुविधाएं मिली हैं, जिससे उनका जीवन स्तर ऊपर उठा है।

उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के आंकड़ों के अनुसार देश के 94 करोड़ से अधिक लोगों को किसी ना किसी सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ मिल रहा है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अन्त्योदय की भावना के साथ किए जा रहे कार्यों से हमारा प्रदेश पूरे देश में समावेशी विकास का रोल मॉडल बनेगा। हमारा प्रयास है कि समाज का कोई भी व्यक्ति या परिवार सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित ना रहे। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविरों में लोगों के चहरों पर नजर आ रहा विश्वास बदलते राजस्थान की तस्वीर है, जिसमें शासन और प्रशासन आमजन के द्वार आ रहे हैं और समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को आगे लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश में बिजली, पानी, रोजगार एवं उद्योग क्षेत्र की प्रगति के लिए कई कदम उठाए हैं। किसानों को वर्ष 2027 तक दिन में बिजली उपलब्ध कराना तथा युवाओं को पांच साल में चार लाख सरकारी नौकरियां देना हमारा लक्ष्य है। शर्मा ने कहा कि जोधपुर उस ऐतिहासिक धरोहर और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है, जिसने मरुभूमि की आत्मा को सदियों से संजोया है। शेरगढ़ की धरती ने अपने नाम को सार्थक करते हुए हर युद्ध, हर अभियान में अपने शेर दिल सपूत मातृभूमि की सेवा के लिए भेजे हैं।

वर्ष 11 • अंक : 143 • कुल पृष्ठ: 08 | जोधपुर, जयपुर, पाली, जैसलमेर, जालोर, बाड़मेर से एक साथ प्रकाशित | मूल्य : 3.00 रुपये

दैनिक पर्यटन बाजार PB NEWS

जोधपुर (राज.) रविवार 6 जुलाई 2025

# काम के आंकड़ों पर बात करे कांग्रेस, ट्वीटर से काम नहीं चलेगाः भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने शेरगढ़ के सोइंतरा में पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का किया निरीक्षण

## जनसभा को संबोधित करने सीएम ऊंट पर बैठ पहुंचे, वृक्षकुंज का लोकार्पण, मुख्यमंत्री का कांग्रेस पर कटाक्ष

दैनिक पर्यटन बाजार

**जोधपुर।** कांग्रेस के लोग झूठे सपने दिखाते हैं। कुछ तो परजीवी हैं, अमरबेल की तरह न तो नीचे और न ऊपर धरातल है। ऐसे लोगों का ध्यान रखें। यह बात मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को जोधपुर के शेरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सोइंतरा गांव में पं। दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

सीएम ने कहा कि कांग्रेस के लोगों को दर्द हो रहा है, क्योंकि पांच साल बनाम डेढ़ साल की बात करते हैं। मैं इसलिए कहता हूं, क्योंकि मेरे पास पूरे सबूत हैं। ऐसे कितने काम है, जो हमने डेढ़ साल में किए हैं। आंकडे देख कर जवाब देना होगा, ट्विटर से काम नहीं चलेगा। पानी, सड़क, बिजली और साइकिल वितरण जैसे आंकड़े किए पेश किए। उन्हें यह भी तकलीफ होती है कि मैं दिन-रात घूमता हूं। मैं किसान का बेटा हूं, सर्दी गर्मी की परवाह किए बिना मैं किसानों के बीच जाता हूं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को शेरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सोईंतरा गांव में आयोजित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने न सिर्फ शिविर का निरीक्षण किया, बल्कि एक विशाल आमसभा को भी संबोधित किया, जिसमें लंबे अरसे बाद केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और विधायक बाबू सिंह राठौड़ उनके साथ मंच पर नजर आए। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष केवल ट्वीट करके सरकार को बदनाम नहीं कर सकता। उन्होंने कांग्रेस को आंकड़ों के साथ काम पर बात करने की चुनौती दी और कहा कि हमारी सरकार ने डेढ़ साल में जो काम किए हैं, वो कांग्रेस की पांच साल की सरकार से बेहतर हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, जब हमने सत्ता संभाली, तब सबसे बड़ी जरूरत पानी की थी। हमने ईआरसीपी पर काम शुरू किया, यमुना जल समझौता किया, नहरों की मरम्मत के लिए 4,000 करोड़ रुपए खर्च किए। नर्मदा परियोजना और बिजली के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय काम हुआ है। 2027 तक किसानों को दिन में भी बिजली मिलेगी। उन्होंने कहा कि वे किसान हैं, इसलिए सर्दी-गर्मी में हर समय लोगों के बीच जा सकते हैं। मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत उन्होंने वृक्ष कुंज का लोकार्पण कर पौधारोपण भी किया।

सभा में राज्य मंत्री जोगाराम पटेल, विधायक भैराराम सियोल, भाजपा नेता जसवंत सिंह इंदा, पूर्व विधायक मानवेंद्र सिंह जसोल, और अतुल भंसाली भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने यहां 'मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान' के तहत बनाए गए वृक्ष कुंज का लोकार्पण कर वृक्षारोपण भी किया। इससे पहले सीएम ने बालोतरा के पाटक में भी सभा को संबोधित किया।






### जल जीवन मिशन में भारी घोटाले हुएः शेखावत

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने अपने भाषण में कहा कि जब वे जलशक्ति मंत्री थे, तब उन्होंने वादा किया था कि शेरगढ़ को पानी मिलेगा और अब वह वादा पूरा हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में जल जीवन मिशन में भारी घोटाले हुए, लेकिन अब घोटालेबाज जेल जा रहे हैं। केंद्रीय विद्यालय की मांग पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पहले किसी भवन को चिन्हित करे, इसके बाद उसे दिल्ली से स्वीकृति दिलवाना उनकी जिम्मेदारी होगी।

गत वर्ष लोकसभा चुनाव के दौरान बाबू सिंह राठौड़ और गजेंद्र सिंह शेखावत के बीच खटास देखने को मिली थी। राठौड़ ने शेखावत पर यह आरोप लगाया था कि वे केवल जुबानी आश्वासन देते हैं, लेकिन काम नहीं होता। इस दौरान केंद्रीय विद्यालय और पूर्व सैनिक अस्पताल के वादों को लेकर भी उन्होंने शेखावत को घेरा था। हालांकि, बाद में दोनों नेताओं के बीच सुलह हो गई और अब दोनों साथ मंच पर नजर आए।

**बाबू सिंह राठौड़ ने रखीं मांगें:** विधायक बाबू सिंह राठौड़ ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री के सामने शेरगढ़ क्षेत्र की कई मांगें रखीं, जिनमें बहुप्रतीक्षित केंद्रीय विद्यालय की मांग प्रमुख रही। यह मुद्दा लोकसभा चुनाव में भी बड़ा रहा था। इसके अलावा उन्होंने क्षेत्र में खनन कार्य को मंजूरी देने और [illegible] योजना के क्रियान्वयन की मांग की, ताकि पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। हालांकि, उनके संबोधन के दौरान सभा में मौजूद महिलाएं धीरे-धीरे बाहर निकलने लगीं, जिस पर राठौड़ को बार-बार उन्हें रोकने का आग्रह करना पड़ा।

**सियासी टकराव तेज होने की उम्मीद:** हालांकि कांग्रेस खेमे से मुख्यमंत्री के इन बयानों पर अभी तक प्रतिक्रिया नहीं आई है। उम्मीद है कि कांग्रेस भजनलाल के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देगा। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पहले ही कह चुके हैं कि राज्य सरकार सिर्फ आंकड़ों की बाजीगरी कर रही है, जमीन पर आमजन को कोई ठोस राहत नहीं मिल रही।

बता दें कि राजस्थान में आगामी निकाय और पंचायत चुनावों से पहले डेढ़ साल बनाम पांच साल की यह तुलना सियासी बहस का अहम मुद्दा बनती जा रही है। जहां भजनलाल सरकार अपने कार्यकाल को कामकाज के मॉडल के रूप में पेश कर रही है वहीं अशोक गहलोत इसे 'अतिशयोक्ति और अधूरी तस्वीर' बता रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह टकराव आने वाले दिनों में और तेज होगा।

पेज 4 विश्वास एक्सप्रेस दैनिक प्रातःकालीन सिटी न्यूज

# पिछली सरकार के कार्यकाल पर भारी है डेढ़ साल: मुख्यमंत्री

# मुख्यमंत्री ऊंट पर बैठकर अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर पहुंचे, महिलाओं ने लगाए सात हजार पौधे

विश्वास एक्सप्रेस

जोधपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने जो काम पिछले डेढ़ साल में किए हैं, उतने काम यह सरकार पूरे पांच साल के कार्यकाल में भी नहीं कर पाई। यह बात उन्होंने शेरगढ़ के सोइंतरा गांव के ग्राम पंचायत परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित विशेष शिविर के निरीक्षण के बाद जन सभा को संबोधित करते हुए कही।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष केवल ट्वीट करके सरकार को बदनाम नहीं कर सकता। उन्होंने कांग्रेस को आंकड़ों के साथ काम पर बात करने की चुनौती दी और कहा कि हमारी सरकार ने डेढ़ साल में जो काम किए हैं, वो कांग्रेस की पांच साल की सरकार से बेहतर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हमने सत्ता संभाली, तब सबसे बड़ी जरूरत पानी की थी। हमने ईआरसीपी पर काम शुरू किया, यमुना जल समझौता किया, नहरों की मरम्मत के लिए चार हजार करोड़ खर्च किए। नर्मदा परियोजना और बिजली के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय काम हुआ है। 2027 तक किसानों को दिन में भी बिजली मिलेगी। उन्होंने कहा कि वे किसान हैं, इसलिए सर्दी-गर्मी में हर समय लोगों के बीच जा सकते हैं। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने अपने भाषण में कहा कि जब वे जलशक्ति मंत्री थे, तब उन्होंने वादा किया था कि शेरगढ़ को पानी मिलेगा और अब वह वादा पूरा हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में जल जीवन मिशन में भारी घोटाले हुए, लेकिन अब घोटालेबाज जेल जा रहे हैं। केंद्रीय विद्यालय की मांग पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पहले किसी भवन को चिन्हित करे, इसके बाद उसे दिल्ली से स्वीकृति दिलवाना उनकी जिम्मेदारी होगी।

विधायक बाबू सिंह राठौड़ ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री के सामने शेरगढ़ क्षेत्र की कई मांगें रखीं, जिनमें बहुप्रतीक्षित केंद्रीय विद्यालय की मांग प्रमुख रही। यह मुद्दा लोकसभा चुनाव में भी रहा था। इसके अलावा उन्होंने क्षेत्र में खनन कार्य को मंजूरी देने और लम्बित योजना के क्रियान्वयन की मांग की, ताकि पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। हालांकि, उनके संबोधन के दौरान सभा में मौजूद महिलाएं धीरे-धीरे बाहर निकलने लगीं, जिस पर राठौड़ को बार-बार उन्हें रोकने का आग्रह करना पड़ा।





## सजे-धजे ऊंट पर की सवारी



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दोपहर को शेरगढ़ के सोइंतरा गांव पहुंचे। खास बात यह रही कि यहां उन्होंने ऊंट की सवारी की। दरअसल मुख्यमंत्री सबसे पहले आशापुरा माता मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने देश और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री को सोइंतरा गांव के सभास्थल तक पहुंचना था, लेकिन उनको सभास्थल तक पहुंचाने के लिए कुछ खास इंतजाम किए गए थे। यहां सजे-धजे ऊंट तैयार खड़े थे। इन ऊंटों की सवारी कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, शेरगढ़ विधायक बाबूसिंह राठौड़ और ओसियां विधायक भैराराम सियोल सभास्थल तक पहुंचे। इस दौरान सीएम ने पीपल का पौधा लगाकर वृक्ष कुंज का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत बनाए गए इस वृक्ष कुंज में महिलाओं सात हजार पौधे लगाए हैं। इसे ग्राम पंचायत सोइंतरा के प्रशासक गोविंदसिंह चौहान के मार्गदर्शन में मातृ शक्ति और ग्रामीण युवाओं ने मिलकर तैयार किया है। यहां पौधारोपण के बाद सीएम ने लोकदेवता गोगाजी मंदिर और आशापुरा माताजी मंदिर में पूजा-अर्चना की। साथ ही राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में तीन विज्ञान प्रयोगशालाओं और दो अतिरिक्त कक्षाओं का लोकार्पण किया।

## वीरांगनाओं का किया सम्मान



जनसभा में शेरगढ़ विधानसभा क्षेत्र की शहीद 14 वीरांगनाओं को सम्मानित किया गया। इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का शेरगढ़ के सोइंतरा गांव पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। सोइंतरा हैलीपेड पर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, शेरगढ़ विधायक बाबू सिंह राठौड़, ओसियां विधायक भैरा राम सियोल, पूर्व राज्य मंत्री बाबूसिंह सिंह विश्नोई, पूर्व सांसद मानवेन्द्र सिंह, जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल व अन्य जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

दैनिक पर्यटन बाजार

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा : सफलता की कहानी

# विशेष योग्यजन कमला देवी और मंजू को मिली आत्मनिर्भर जीवन की सौगात

दैनिक पर्यटन बाजार

जोधपुर । राज्य सरकार द्वारा अंत्योदय के सिद्धांत को धरातल पर उतारते हुए अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने और सुशासन को साकार करने के उद्देश्य से शेरगढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत सोइन्तरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित एकदिवसीय जनकल्याण शिविर में दो विशेष योग्यजनों की ज़िंदगी में नई रौशनी और आत्मविश्वास का संचार देखने को मिला।

शिविर के दौरान जब दिव्यांगजन कमला देवी को मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा मोटोराइज्ड ट्राई साइकिल प्रदान की गई, तो वह क्षण केवल सहायता का नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की ओर एक सशक्त कदम का प्रतीक बन गया। चलने-फिरने में असमर्थ कमला देवी के लिए यह ट्राई साइकिल अब उनकी शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जीवन की राह को सरल और सम्मानजनक बनाएगी।

इसी शिविर में विशेष योग्यजन मंजू पुत्री पुंजा राम को उनके विवाह के अवसर पर मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन सुखद दांपत्य जीवन योजना के तहत 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। मंजू, जो 80त्न से अधिक दिव्यांगता से ग्रसित हैं, हाल ही में विवाह सूत्र में बंधी हैं। यह सहायता न केवल उनके नवजीवन की आर्थिक नींव बनी, बल्कि सामाजिक सम्मान और आत्मविश्वास का स्रोत भी बन गई।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा जब सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया, तो मंजू की आँखों में चमक और चेहरे पर विश्वास स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा था।

मंजू ने भावुक होकर कहा— इस सहायता ने मेरे आत्मविश्वास को कई गुना बढ़ा दिया है। अब मुझे लगने लगा है कि समाज में हमें भी सम्मान और सहयोग के साथ जीने का अधिकार है। मैं मुख्यमंत्री जी और सरकार की आभारी हूँ, जिन्होंने हमारे जैसे लोगों को न केवल सहारा दिया, बल्कि समाज में गरिमा के साथ जीने का हक भी दिया।

दैनिक पर्यटन बाजार

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# निकिता को मिली नई रफ्तार, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिली प्रेरणा की सौगात

दैनिक पर्यटन बाजार

जोधपुर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत शेरगढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत सोइन्तरा में आयोजित एकदिवसीय जनकल्याण शिविर में एक नन्हीं छात्रा की मुस्कान ने यह साबित कर दिया कि शिक्षा की राह को सरकार जब अपना संबल देती है, तो भविष्य अपने पंखों को खुद ही फैलाने लगता है। शिविर के दौरान निकिता पुत्री ओमप्रकाश को शिक्षा विभाग की योजना के तहत साइकिल प्रदान की गई। ग्रामीण क्षेत्र की छात्रा निकिता के लिए यह साइकिल केवल एक साधन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, समय की बचत और पढ़ाई में निरंतरता का स्रोत है। निकिता ने उत्साहित होकर कहा—पहले पैदल आने-जाने में समय और थकावट की वजह से पढ़ाई पर असर पड़ता था। अब साइकिल से स्कूल जल्दी पहुंच सकूंगी और पढ़ाई पर पूरा ध्यान दे सकूंगी। मैं मुख्यमंत्री जी और शिक्षा विभाग की आभारी हूँ।

इस अवसर पर शिक्षा विभाग की सक्रिय उपस्थिति रही, जहां अधिकारियों द्वारा योजनाओं की जानकारी और संसाधन प्रदान कर विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया।

**सवेरा राजस्थान**
दैनिक सांध्य समाचार पत्र

# सोईंतरा में सीएम ने किया वृक्ष कुंज का उद्‌घाटन

## महिलाओं ने लगाए 7 हजार पौधे, ऊंट पर बैठकर अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर पहुंचे

■ सवेरा राजस्थान

**बालेसर (जोधपुर)।** सीएम भजनलाल शर्मा शनिवार दोपहर 2.30 बजे जोधपुर जिले शेरगढ़ क्षेत्र के ग्राम सोईतरा पहुंचे। जहां हेलीपैड पर उतरने के बाद शेरगढ़ विधायक और भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सीएम का स्वागत किया गया। इसके बाद सीएम भजन लाल शर्मा वृक्ष कुंज पहुंचे। जहां पर महिलाओं ने लहरिया चुनरी की छाया में सीएम का किया स्वागत। इस दौरान सीएम ने पीपल का पौधा लगाकर वृक्ष कुंज का उद्घाटन किया। 'मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान' के तहत बनाए गए इस वृक्ष कुंज में महिलाओं 7000 पौधे लगाए हैं।



यहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभा को संबोधित किया। जहां उन्होंने राजस्थान सरकार द्वारा अंतिम किनारे पर बैठे व्यक्ति को फायदा पहुंचाने के लिए चलाई जा रही पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के तहत होने वाले कार्यों के बारे में एक-एक करके जानकारी दी। साथ ही कहा- 'सरकार की मंशा है कि गांव में बैठे हुए अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का फायदा पहुंचाने के लिए यह पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है।'

सीएम ने कहा- 'कांग्रेस की सरकार 5 साल में नहीं कर सकी। वह हमने डेढ़ साल में करके दिखाया। हमने हर साल एक लाख युवाओं को रोजगार देने का घोषणा की थी। उसे पूरा किया। अब तक उन 69 हजार लोगों को नियुक्ति पत्र सौंप चुके हैं। बाकी को भी सौंपने का कार्य किया जा रहा है। जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक ढाणी तक पानी पहुंचाने के लिए सरकार प्रयासरत है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस सरकार पर पेपर लीक भ्रष्टाचार सहित कई प्रकार के आरोप लगाए।

इसके साथ ही शेरगढ़ विधायक बाबू सिंह राठौड़ ने विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय खोलने, जल जीवन मिशन के तहत वापस सर्वे करवा कर नई डीपीआर बनाने, खनन क्षेत्र की अवधी वर्दी में रियायत देने, सोइंतरा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने सहित विभिन्न प्रकार की मांगे रखी गई। जिस पर मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि उनकी मांग पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी

इससे पहले 'मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान' के तहत बनाए गए इस वृक्ष कुंज में 7000 पौधे लगाए गए हैं। इसे ग्राम पंचायत सोईतरा के प्रशासन गोविंदसिंह चौहान के मार्गदर्शन में मातृ शक्ति और ग्रामीण युवाओं ने मिलकर तैयार किया है। वहीं पौधारोपण के बाद सीएम ने लोकदेवता गोगाजी मंदिर और आशापुर माताजी मंदिर में पूजा-अर्चना की। साथ ही राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में तीन विज्ञान प्रयोगशालाओं और दो अतिरिक्त कक्षाओं का लोकार्पण किया। जिसके बाद सीएम भजनलाल ऊंट पर बैठ कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर पर पहुंचे। जहां लाभार्थियों से सीएम ने संवाद किया। जिसके बाद सीएम भजनलाल जनसभा को संबोधित करने के लिए सभास्थल पर पहुंचे।

भारत में 1.17 करोड़ से अधिक पाठक (IRS 2019)
पंजाब केसरी
PUNJAB KESARI JALANDHAR

# पिछली सरकार के कार्यकाल पर भारी है डेढ़ साल: मुख्यमंत्री

## सिर्फ ट्वीट करके बदनाम नहीं कर सकता विपक्ष

जोधपुर, 5 जुलाई (स.ह.): मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने जो काम पिछले डेढ़ साल में किए हैं, उतने काम गत सरकार पूरे पांच साल के कार्यकाल में भी नहीं कर पाई। यह बात उन्होंने शेरगढ़ के सोइंतरा गांव के ग्राम पंचायत पादरू में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित विशेष शिविर के निरीक्षण के बाद जन सभा को संबोधित करते हुए कही।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष केवल ट्वीट करके सरकार को बदनाम नहीं कर सकता। उन्होंने कांग्रेस को आंकड़ों के साथ काम पर बात करने की चुनौती दी और कहा कि हमारी सरकार ने डेढ़ साल में जो काम किए हैं, वो कांग्रेस की पांच साल की सरकार से बेहतर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हमने सत्ता संभाली, तब



सबसे बड़ी जरूरत पानी की थी। हमने ईआरसीपी पर काम शुरू किया, यमुना जल समझौता किया, नहरों की मरम्मत के लिए चार हजार करोड़ खर्च किए। नर्मदा परियोजना और बिजली के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय काम हुआ है। 2027 तक किसानों को दिन में भी बिजली मिलेगी। उन्होंने कहा कि वे किसान हैं, इसलिए सर्दी-गर्मी में हर समय लोगों के बीच जा सकते हैं।

**घोटालेबाज जा रहे जेल: शेखावत** : केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने अपने भाषण में कहा कि जब वे जलशक्ति मंत्री थे, तब उन्होंने वादा किया था कि शेरगढ़ को पानी मिलेगा और अब वह वादा पूरा हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में जल जीवन मिशन में भारी घोटाले हुए, लेकिन अब घोटालेबाज जेल जा रहे हैं। केंद्रीय विद्यालय की मांग पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पहले किसी भवन को चिन्हित करे, इसके बाद उसे दिल्ली से स्वीकृति दिलवाना उनकी जिम्मेदारी होगी।

**शेरगढ़ विधायक ने रखी कई मांगें** : विधायक बाबू सिंह राठौड़ ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री के सामने शेरगढ़ क्षेत्र की कई मांगें रखीं, जिनमें बहुप्रतीक्षित केंद्रीय विद्यालय की मांग प्रमुख रही। यह मुद्दा लोकसभा चुनाव में भी रहा था। इसके अलावा उन्होंने क्षेत्र में खनन कार्य को मंजूरी देने और डब्ल्यूआरसीपी योजना के क्रियान्वयन की मांग की, ताकि पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। हालांकि, उनके संबोधन के दौरान सभा में मौजूद महिलाएं धीरे-धीरे बाहर निकलने लगीं, जिस पर राठौड़ को बार-बार उन्हें रोकने का आग्रह करना पड़ा।

**सजे-धजे ऊंट पर की सवारी** : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दोपहर को शेरगढ़ के सोइंतरा गांव पहुंचे। खास बात यह रही कि यहां उन्होंने ऊंट की सवारी की। दरअसल मुख्यमंत्री सबसे पहले आशापुरा माता मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने देश और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री को सोइंतरा गांव के सभास्थल तक पहुंचना था, लेकिन उनको सभास्थल तक पहुंचाने के लिए कुछ खास इंतजाम किए गए थे। यहां सजे-धजे ऊंट तैयार खड़े थे।